CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

35 YEARS

बिलासपुर, गुरुवार, 1 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –1 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

■ राजनैतिक हिसाब-किताब फिर कभी, अभी एकजुटता दिखाने की जरूरत
■ क्या मोदी पाकिस्तान के खिलाफ अमेरिका की दोस्ती का इस्तेमाल कर... पृष्ठ 4

■ रावलपिंडी में इलाज के लिए भटक रहे मरीज, सरकारी डॉक्टर्स की हड़ताल जारी पृष्ठ 9



हम आईपीएल में जरा भी ढील गवारा नहीं कर सकते : हार्दिक पृष्ठ 10

### मोदी मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला

# जाति जनगणना कराएगी केंद्र सरकार



- किसानों को लेकर भी ऐलान, गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपए किया
- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी
- कहा, कांग्रेस सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया
- मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी जाति जनगणना

**नई दिल्ली**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली में बुधवार को मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक की ब्रीफिंग करते हुए बताया कि सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला किया है। इसके साथ ही मीटिंग में किसानों के लिए भी बड़े फैसले किए गए हैं।



"जाति आधारित जनगणना को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने सिर्फ अपने लाभ तक के लिए सीमित रखा : अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया है। उन्होंने कहा, 1947 के बाद से जाति जनगणना नहीं हुई है। कांग्रेस ने जाति जनगणना की जगह जाति सर्वे कराया। यूपीए सरकार में कई राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से जाति सर्वे किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, जाति की जनगणना मूल जनगणना में ही सम्मिलित होना चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट ने फैसला किया है कि जाति की जनगणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित करके किया जाए। उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने सिर्फ अपने लाभ तक के लिए सीमित रखा है। मोदी सरकार ने गन्ना किसानों को भी बड़ी सौगात दी है। गन्ने का एफआरपी बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चीनी सीजन 2025–26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिसके नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है।

**पहली जनगणना 1872, आखिरी 2011 में हुई** –भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।

#### शिलॉन्ग से सिलचर कॉरिडोर को मंजूरी

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि शिलॉन्ग से सिलचर कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है। सरकार ने मेघालय से असम तक नए हाइवे को मंजूरी दी है, जो 166.8 किलोमीटर लंबा 4 लाइन हाईवे होगा। सिलचर से शिलांग और शिलांग से सिलचर एक बहुत बड़ी परियोजना हाई स्पीड कॉरिडोर हाईवे जो मेघालय और असम को जोड़ता है उसे मंजूरी मिली है। इसकी अनुमानित लागत 22,864 करोड़ रुपए है।

### राहुल ने सरकार के फैसले का किया स्वागत

## हमने जाति जनगणना के लिए पूरे देश में अभियान चलाया



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की ओर से देश में जाति जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, जाति जनगणना को डिजाइन करने में हमारा सरकार को समर्थन है। इसके लिए बेहतर ब्लू प्रिंट की जरूरत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जाति जनगणना को लेकर हमने सिर्फ दबाव ही नहीं डाला, बल्कि पूरे देश में व्यापक कैंपेन भी चलाया है, जिसके बाद ये हो पाया है। उन्होंने कहा, पहले तो नरेंद्र मोदी कहते थे कि सिर्फ चार जातियां हैं, लेकिन अचानक से उन्होंने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा कर दी। हम देश में जातिगत जनगणना के माध्यम से एक नए तरीके का विकास लाना चाहते हैं। हम इसका डिजाइन बनाकर देंगे। हमारे पास बिहार और तेलंगाना के दो उदाहरण हैं, जिसमें आसमान और जमीन का फर्क है। सरकार जाति जनगणना के तौर तरीके बताए। उन्होंने पूछा कि सरकार तारीख बताए कि कब जाति जनगणना होगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, संसद में हमने कहा था कि जातीय जनगणना करवाकर छोड़ेंगे। 50 फीसदी के जो दीवार है, उसे भी तोड़कर रखेंगे। पता नहीं ऐसा क्या हुआ अचानक 11 साल बाद जाति जनगणना की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि हम बीजेपी पर इसका भी दबाव डालेंगे कि 50 फीसदी आरक्षण के कैप को भी तोड़ा जाए।

जातिगत जनगणना से भागीदारी का पता चलेगा–कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, चाहे ओबीसी हों, दलित हों या आदिवासी इनकी देश में कितनी भागीदारी है यह सिर्फ जातिगत जनगणना से पता चलेगा, लेकिन हमें और आगे जाना है। हमें पता लगाना है कि देश की संस्थाओं और पावर स्ट्रक्चर में इन लोगों की कितनी भागीदारी है।

#### जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिलाः लालू



**पटना**। एक्स पर एक पोस्ट में राजद नेता लालू ने लिखा, जिसे हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले सोचते हैं उसे दूसरे लोग दशकों बाद फॉलो करते हैं। जातिगत जनगणना की मांग करने पर हमें जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला। अभी बहुत कुछ बाकी है। हम इन संघियों को अपने एजेंडे पर नचाते रहेंगे।

### साय कैबिनेट का बड़ा फैसला

# बीएड सहायक शिक्षकों का होगा समायोजन

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना होगी शुरू



**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तसीगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की अहम बैठक संपन्न हुई। यह बैठक आज सुबह 11.30 बजे से अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय यानी महानदी भवन में आयोजित की गई। यह बैठक कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श के साथ संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ राज्य के सुदूर अनुसूचित एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां यात्री परिवहन की सुविधा कम है, वहां आम जनता को सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए ''मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना'' शुरू करने का अहम निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत हल्के/मध्यम परिवहन मोटरयान 18 से 42 बैठक क्षमता (चालक को छोड़कर) के वाहन को अनुज्ञा पत्र और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नवीन ग्रामीण मार्गों के विनिर्धारण के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। अनुज्ञा का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को मिलेगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं तथा नक्सल प्रभावितों को प्राथमिकता दी जाएगी। लाभार्थियों का चयन निविदा प्रक्रिया से किया जाएगा। इस योजना के तहत संबंधित वाहन स्वामी को ग्रामीण मार्गों पर वाहनों के संचालन के लिए प्रथम परमिट निर्गमन की तिथि से तीन साल अधिकतम अवधि के लिए मासिक कर में पूर्णतः छूट दी जाएगी।

इस योजना के तहत संचालित विभिन्न श्रेणी के वाहनों को राज्य शासन द्वारा प्रथम वर्ष 26 रूपए प्रति किलोमीटर, द्वितीय वर्ष 24 रूपए प्रति किलोमीटर तथा तृतीय वर्ष 22 रूपए प्रति किलोमीटर विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में दृष्टिहीन, बौद्धिक दिव्यांग, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग, 80 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, एड्स से पीड़ित व्यक्तियों को एक परिचारक के साथ किराया में पूरी छूट रहेगी, वहीं नक्सल प्रभावित व्यक्तियों को आधा किराया लगेगा। प्रदेश की तकनीकी शिक्षा को सशक्त बनाने और डिजिटल कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसके तहत नवा रायपुर अटल नगर में स्टेट आफ आर्ट एनआईईएलआईटी की स्थापना के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईईएलआईटी को 10.023 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

राज्य में एनआईईएलआईटी केन्द्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा, डिजिटल कौशल विकास और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। यह केन्द्र न केवल युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

#### देर रात आदेश जारी

साय कैबिनेट में आज बर्खास्त बीएडधारी शिक्षकों के समायोजन के फैसले के बाद विभागीय आदेश भी जारी हो चुका है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय ने आदेश जारी करते हुए 5 अलग–अलग बिंदुओं दिशा निर्देश जारी किया है।

### सार संक्षेप

#### मुख्यमंत्री-श्रममंत्री ने श्रमवीरों को दी मई दिवस की शुभकामनाएं

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (मई दिवस) के अवसर पर प्रदेश के सभी श्रमवीरों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

#### कोलकाताः होटल में आग लगने से 14 की मौत

**कोलकाता**। मध्य कोलकाता के बड़ाबाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ऋतुराज होटल में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मंगलवार रात ऋतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 14 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है। मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा, परिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई।

#### आतंकी हमले पर गुटेरेस ने की जयशंकर व शरीफ से बात

**नई दिल्ली**। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ से पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर अलग-अलग बात की है और दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया है।

#### चिन्मय दास को राजद्रोह मामले में मिली जमानत

**ढाका**। बांग्लादेश के प्रमुख हिंदू नेता और पूर्व इस्कॉन पुजारी चिन्मय दास को राजद्रोह मामले में पांच महीने जेल में बिताने के बाद आज उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी। न्यायमूर्ति मोहम्मद अताउर रहमान और न्यायमूर्ति मोहम्मद अली रजा की पीठ ने सम्मिलितो सनातनी जागरण जोत के प्रमुख दास द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।

### छत्तीसगढ़ में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को मिलेगी राहत

## सीएए के तहत पा सकेंगे भारतीय नागरिकता : विजय शर्मा

**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने देश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों (अलग–अलग वीजा रखने वालों) को देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था। इस बीच छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा है कि राज्य में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (ष्ट) के तहत भारत की नागरिकता दी जा सकेगी।



गृहमंत्री ने बताया कि जो पाकिस्तानी अल्पसंख्यक छत्तीसगढ़ में रह रहे हैं, उन्हें फिलहाल राज्य में रहने की अनुमति दी गई है और वे केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार इस मुद्दे को संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से देख रही है। हम इस प्रक्रिया में उनकी हर संभव मदद करेंगे।

**पाकिस्तानी हिंदुओं ने गृहमंत्री शर्मा से की थी मुलाक़ात.**

गौरतलब है कि पाकिस्तानी हिंदुओं के एक समूह ने बीते शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी परेशानियां बताई और मदद की गुहार लगाई थी। इन पीड़ितों में सिंध के घोटकी ज़िले के खानपुर निवासी सुखदेव लुंद भी शामिल थे। उन्होंने बताया, हम लौटकर पाकिस्तान नहीं जाएंगे। ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### आयकर विभाग ने जारी किए आईटीआर-1 व आईटीआर-4 फॉर्म

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (आईएएनएस)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्तीय वर्ष 2024–25 और असेसमेंट ईयर 2025–26 के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म आईटीआर–1 और आईटीआर–4 को नोटिफाइड कर दिया है। 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक के वित्तीय वर्ष के दौरान अर्जित आय के लिए आईटीआर नए फॉर्म का उपयोग करके दाखिल किया जा सकता है। इस साल आईटीआर फॉर्म में एक बड़ा बदलाव यह है कि सेक्शन 112ए के तहत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) जमा करने के लिए आईटीआर–1 (सहज) दाखिल किया जा सकता है। हालांकि, इसकी शर्त यह है कि एलटीसीजी 1.25 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए और आयकरदाता के पास कैपिटल गेन कैटेगरी के तहत कैरी फॉरवर्ड या सेट ऑफ करने के लिए कोई नुकसान नहीं हो।

## आतंकी शिविरों को इधर–उधर कर रही पाकिस्तानी सेना

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के ट्रेनिंग कैम्पों पर अब हमला अवश्यंभावी है। उनके अनुसार, इस संबंध में 'हरी झंडी' मिल गई है और हमले के जवाब में सीमा पार से होने वाली संभावित कार्रवाई से निपटने की तैयारी की जा रही है। हालांकि दिक्कत यह आ रही है कि पिछले तीन दिनों से इन कैम्पों को पाक सेना इधर उधर कर सैटेलाइटों को धोख देने की कोशिश कर रहे हैं।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवाद के ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने की खातिर भारतीय सेना ने पूरी तैयारी कर ली है। हालांकि एक सूत्र के अनुसार, ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने तथा उसके परिणामों से देश को बचाने की खातिर की जाने वाली तैयारियों के लिए भारतीय सेना ने कुछ दिनों का समय मांगा है। रक्षाधिकारियों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में स्थित ट्रेनिंग कैम्पों पर प्रहार करने की खातिर जो तैयारियां की गई हैं उनमें मिसाइलों की तैनाती से लेकर बोफोर्स तोपों की तैनाती तो शामिल है ही सेना की कई कमांडों यूनिटों को भी इसके लिए तैयार रखा गया है जिन्हें उनके टास्क के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, इन कैम्पों पर हमला करने के पीछे की हिचकिचाहट विश्व समुदाय का रूख भी है। हालांकि पाकिस्तान तथा अमरीका इसके प्रति आशंका प्रकट करने लगे हैं कि भारत हमले का प्रतिकार करने की खातिर इन कैम्पों पर हमला करने की पहल कर सकता है। फिलहाल यह सुनिश्चित नही है कि आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर हमले के लिए सभी विकल्पों का एक साथ इस्तेमाल होगा या फिर बारी बारी से उनका प्रयोग किया जाएगा। इन ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला कर उन्हें तबाह करने के लिए जो विकल्प सुझाए जा रहे हैं उनमें सबसे प्रमुख जमीन से जमीन पर मार करने वाले मिसाइलों का इस्तेमाल तो है ही कमांडो रेड भी शामिल हैं। हालांकि सेनाधिकारियों का विचार है कि सबसे पहले भारत को बिना एलओसी को लांघे टेऊनिंग कैम्पों को तबाह करने की कोशिश करनी होगी जिसके लिए मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों का इस्तेमाल ही सबसे बेहतर माना जा रहा है। यही नहीं, मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों के बाद कमांडो रेड तथा हवाई हमलों के विकल्प को भी खुला रखा गया है।



# बच्चों संग लापता हुई महिलाएं मिलीं सकुशल





## मुंगेली पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**मुंगेली** 30 अप्रैल(देशबन्धु)। जिले में गुमशुदा व्यक्तियों की पतासाजी में मुंगेली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न मामलों में गुम हुईं महिलाओं को उनके बच्चों सहित सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया। प्रथम मामला 22 अप्रैल 2025 को सामने आया जब प्रार्थी चन्द्र कुमार साहू, निवासी शिक्षक नगर मुंगेली ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी भगवती साहू अपने दो बच्चों (एक लड़का एवं एक लड़की) को लेकर बिना बताये घर से चली गई है। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम को जलंधर (पंजाब) भेजा गया, जहां से महिला को बच्चों सहित दस्तयाब कर सकुशल मुंगेली लाया गया और परिजनों को सौंपा गया। दूसरे मामले में 25 अप्रैल 2025 को सुरेश कुमार साहू, निवासी टिंगीपुर चमारी ने अपनी पत्नी लता बाई साहू और 5 वर्षीय पुत्र के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने केवल दो घंटे के भीतर दोनों को दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया।तीसरे मामले में उसी दिन 25 अप्रैल को दीपक बघेल, निवासी चिल्फी घाटी, ने अपनी पत्नी करूणा बघेल और 9 माह की पुत्री के गायब होने की जानकारी दी। घटना मुंगेली बस स्टैंड की थी, जहां उसकी पत्नी बाथरूम जाने के बहाने गई और वापस नहीं लौटी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो घंटे के भीतर दोनों को खोज निकाला और सकुशल परिजनों को सौंपा। इन तीनों मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना मुंगेली प्रभारी गिरजाशंकर यादव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने उल्लेखनीय कार्य किया। इस टीम में उप निरीक्षक गिरीजाशंकर यादव, प्रआर दिलीप साहू, राजेश बंजारे, प्रमोद वर्मा, चंद्रकुमार ध्रुव, भुवन डिंडोरे, आरक्षक जलेश्वर कश्यप, मनोज टंडन, रवि श्रीवास, भागवत साहू, राधे लाल ध्रुव, अजय चंद्राकर और योगेश यादव की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी गुमशुदगी की तत्काल सूचना नजदीकी थाना को दें और भ्रामक खबरों से बचें।

## मुंगेली में नशे की गिरफ्त मजबूत, प्रशासनिक सख्ती नदारद!

**मुंगेली** 30अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में नशे का बढ़ता साम्राज्य अब एक गहरी सामाजिक चिंता बनता जा रहा है। जहां एक ओर प्रशासन नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान और कार्यशालाओं की बात करता है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी सच्चाई कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।सेतगंगा धाम, लालपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। युवा वर्ग बड़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है, जिससे न सिर्फ पारिवारिक ढांचे टूट रहे हैं, बल्कि समाज में अस्थिरता भी बढ़ रही है। जानकारों का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब की आपूर्ति बिना विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं है। पुलिस और संबंधित विभागों की निष्क्रियता ने कोचिंयों को और भी बेखौफ बना दिया है।नशे के इस बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए सिर्फ कागजी कार्यवाही और बयानबाज़ी काफी नहीं होगी। आवश्यकता है एक ऐसी कठोर, पारदर्शी और जवाबदेह नीति की, जो सिर्फ कार्रवाई का दिखावा न होकर ठोस नतीजे भी लाए।अब समय आ गया है कि समाज और प्रशासन दोनों मिलकर यह तय करें कि क्या वे आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं।

# लिलवाकापा में राज्य का पहला मिनीमाता पेट्रोल पंप शुरू




## विधायक ने किया उद्घाटन

**मुंगेली**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा मुंगेली विकासखंड के ग्राम लिलवाकापा में राज्य का पहला मिनीमाता पेट्रोल पंप प्रारंभ किया गया। इसका विधिवत शुभारंभ मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर निगम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा, प्रबंध संचालक जगदीश सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि यह पेट्रोल पंप न केवल ईंधन की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस सुविधा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।निगम अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा ने कहा कि अंत्यावसायी निगम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक आर्थिक सहायता पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, और पेट्रोल पंप जैसी योजनाएं इस दिशा में मील का पत्थर हैं। प्रबंध संचालक जगदीश सोनकर ने जानकारी दी कि यह पेट्रोल पंप इंडियन ऑयल के सहयोग से स्थापित किया गया है, जिससे निगम की आर्थिक सुदृढ़ता बढ़ेगी और भविष्य में अन्य जिलों में भी ऐसे प्रकल्पों की स्थापना की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेंद्र जांगड़े ने पेट्रोल पंप की योजना, संरचना एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का समापन निगम की सचिव गायत्री नेताम द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।अतिथियों को इस अवसर पर राजकीय गमछा व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी ने किया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बीएड सहायक शिक्षकों का ...**

करेगा, बल्कि उन्हें रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा। इससे छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा के मानचित्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरेगा। मंत्रिपरिषद ने रेगहा, बटाई, लीज और डुबान क्षेत्र पर खेती करने वाले किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना का लाभ अब उक्त श्रेणी के किसानों को भी मिलेगा। मंत्रिपरिषद ने बैठक में ''कृषक उन्नति योजना'' के दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए इसका लाभ प्रदेश के ऐसे उक्त समस्त कृषक जिनसे खरीफ मौसम में सहकारी समिति एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषक विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से धान/धान बीज का उपार्जन किया गया हो, उन्हें आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया है।

बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किये गये 2621 बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए उनको अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है। अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार हटाये गए बी.एड अर्हताधारी 2621 सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के राज्य में रिक्त 4,422 पदों में समायोजित किया जाएगा। समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर किया जाएगा। कला/विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता (12वीं गणित/विज्ञान) पूर्ण करने हेतु 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एस.सी.ई.आर.टी. के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए सांख्येत्तर पदों का सृजन किया जाएगा। समायोजन के लिए जिलों की प्राथमिकता में पहले राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के जिलों के रिक्त पदों में उसके पश्चात सीमावर्ती जिलों के रिक्त पदों पर तत्पश्चात अन्य जिलों में समायोजन किया जाएगा।

**सीएए के तहत पा सकेंगे ...**

सुखदेव, 45 दिन के विज़िटर वीज़ा पर रायपुर के शदाणी दरबार पहुँचे हैं। उनके साथ उनके परिवार सहित कुल 24 लोगों का समूह भी है। सुखदेव ने बताया कि वे आतंकी हमलों और अत्याचारों से परेशान होकर भारत पहुँचे हैं और रायपुर में शरण की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, आने के बाद बीते 48 घंटों में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले लगभग 100 अन्य पाकिस्तानी हिंदू भी रायपुर पहुँच चुके हैं, जिन्होंने भारत में स्थायी निवास की माँग की है, ताकि वे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें।

पाकिस्तानी नागरिकों पर बढ़ी चिंता- 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश में रह रहे कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को डिपोर्ट करने की कार्रवाई शुरू हुई है। इस पृष्ठभूमि में छत्तीसगढ़ में रह रहे पाकिस्तानी हिंदुओं को लेकर स्थिति को स्पष्ट करना आवश्यक हो गया था। गृहमंत्री विजय शर्मा के इस बयान से राज्य के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को बड़ी राहत मिली है, जो वर्षों से भारत में स्थायी रूप से बसने की उम्मीद लगाए हुए हैं। छत्तीसगढ़ में रह रहे ऐसे कई परिवार वर्षों से नागरिकता न मिलने की वजह से नौकरी, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी योजनाओं से वंचित रहे हैं। ष्ट के तहत उन्हें कानूनी मान्यता मिलने से उनके जीवन में स्थिरता और अधिकारों की प्राप्ति संभव हो सकेगी। नागरिकता संशोधन अधिनियम (ष्ट) के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है, बशर्ते वे 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आ गए हों और उन्हें वहां धार्मिक आधार पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ा हो।

# नवजागृति उच्च माध्य शाला का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा

**तखतपुर** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नवजागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर का सत्र 2024-25 का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, अंग्रेजी एवम् हिन्दी माध्यम के परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था की प्राचार्या श्रीमती एस. पी. सैमुएल के द्वारा किया गया जिनमें विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम से कक्षा नर्सरी से हर्षित साहू 99% कक्षा के जी 1 से प्रज्ञा राठौर 99.50% कक्षा 1 वेंकट दर्शन 96.50% कक्षा 2 से आन्या देवांगन कक्षा 3 से 99% जितेश शर्मा 96% कक्षा 4 से समृद्धि पाठक 96% कक्षा 6 सूर्यराज बंजारे सातवीं से तृषा गढ़कर 97.50 एवम् नवमी से मिष्ठी शर्मा 94.50% हिन्दी माध्यम से कक्षा पहली से मयंक मरावी 95% कक्षा दूसरी से धरा चंद्राकर 98% कक्षा तीसरी से किरण कश्यप 96% कक्षा चौथी से 98% कक्षा छठवीं से आलिया जांगडे 96.33% कक्षा सातवीं से देविका ऑग्रे 94.33% कक्षा नवमी से श्रीविद्या कश्यप 95.83, कक्षा ग्यारहवीं आर्ट से अनुपा 73%, बायो और गणित से मीनाक्षी कश्यप, वाणिज्य से दिव्यश्री पाण्डेय रही। संस्था की प्राचार्या श्रीमती एस. पी. सैमुएल शाला प्रभारी समित सैमुएल एवम् श्रीमती आयरिश बरखा सैमुएल ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## निधन

### आबिद भाई वनक



**तखतपुर।** बिलासपुर निवासी आबिद भाई वनक 75 वर्ष का 29 अप्रैल को निधन हो गया। वे होजेफा वनक अवम हूनैद वनक के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 30 अप्रैल बोहरा कब्रिस्तान, खपरगंज बिलासपुर में सुपूर्दे खाक़ किया जाएगा।

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री सुशांत रुद्र (कर्ज़दार), आकाश रुद्र (सह-कर्ज़दार), मनीषा सुशांत रुद्र (जमानतदार), सुशांत रतन रुद्र (बंधककर्ता), बोलबम आलू भंडार (सुशांत रुद्र द्वारा प्रतिनिधित्व), LBCHM00003618839, LBCHM00004030116, LBCHM00005377605, LBCHM00004963911, 177405500309 & 177460000001. | पीएच नंबर 02, खसरा नंबर 231/1 और 231/2, गाँव-जगदल्ला, आर.एन.एम. और तहसील चाम्पा, वार्ड नंबर 26, जिला जाँजगीर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 0.07 ए.ओ. 283.64 वर्ग मीटर यानी 3053 वर्ग फीट/ का ज्ञात भार:- 1. श्री सुशांत रुद्र ने डीआरटी, जबलपुर के समक्ष प्रतिभूतिकरण अपील दायर की, जिसका एसए नंबर 1057/2024 है, जो निर्णय के लिए लंबित है। हालाँकि, प्रकाशन की तिथि तक कार्यवाही पर रोक लगाने के लिए कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। | रु. 1,13, 33,515/- (अप्रैल 04, 2025 तक) | रु. 61,50, 000/- / रु. 6,15, 000/- | मई 05, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | मई 23, 2025 को सु. 10:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट (URL Link-https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मई 22, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम **ई** देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **मई 22, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **मई 22, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **मई 22, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **चाँपा** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : मई 01, 2025
स्थान : चाँपा (छत्तीसगढ़)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

NIT N0.- 05/2025-26 **(प्रथम आमंत्रण)**

ज्ञा.क्र.1193/टेण्डर/वलेलि/ ग्रा.यां.सेवा/ 2025

बिलासपुर,दिनांक 29.04.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी (सिविल कार्य) दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण हेतु जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (Offline) प्रतिशत दर पर दिनांक 14.05.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रमांक | कार्य का नाम/ स्थान | वि.ख. | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अटल टिकरिंग लैब कक्ष निर्माण, पीएम श्री सेजेस शा.क.उ.मा.वि. सरकण्डा | बिल्हा | 7.11 |
| 2 | आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष निर्माण, पीएम श्री सेजेस शा.क.उ.मा.वि. सरकण्डा | बिल्हा | 7.11 |
| 3 | आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष निर्माण, पीएम श्री सेजेस शा.क.उ.मा.वि. चकरभाठा | बिल्हा | 7.11 |

Note -
01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट - 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट- 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बिलासपुर

जी- 252600586/2

## वाहन किराये पर लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय जिला पंचायत दन्तेवाड़ा में जिला पंचायत अध्यक्ष के दैनिक शासकीय कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण एवं विभिन्न योजनाओं के निरीक्षण हेतु 01 नग स्कार्पियो वाहन किराये पर लिये जाने हेतु दिनांक 08.05.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा जमा करने एवं निविदाओं के निष्पादन, निविदा अभिलेख तथा अन्य निविदा से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय से निर्धारित शुल्क 300 रूपये प्रदाय कर, कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा विभागीय वेबसाईट www.dantewada.nic.in से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं, डाउनलोड किये गये निविदा अभिलेखों का शुल्क निविदा के साथ जमा किया जाना होगा। समय सारणी निम्नानुसार है :-

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/ समय :-
08.05.2025 समय अपरान्ह 12:00 बजे

बिड खोलने की तिथि/ समय :-
08.05.2025 समय अपरान्ह 12.00 बजे

संवाद: 43702/2

**NECC**

| 01.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 441 | 68 | 155 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 180 |
| डिलीवरी | 456 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

**देशबन्धु**

**पाठकों के लिए सूचना**

माह अप्रैल 2025 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू. पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | 120.00 |
| कुल 30 दिन | | रू. 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार बिल का भुगतान 7 ता. तक करने का कष्ट करें।

**प्रसार व्यवस्थापक**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग रायगढ़ संभाग रायगढ़

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 2131/ NIT-2/ 2025-26/ व.ले.लि. / दिनांक : 29/04/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 09/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 14/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 15.05.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| ए.आई.टी.क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम कार्य की अवधि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 2 T0003 | धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0004 | खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0005 | रायगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0006 | धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0007 | खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0008 | धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में रंगाई-पुताई कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0009 | खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में रंगाई-पुताई कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0010 | धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0011 | खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 2 T0012 | नवनिर्मित सिविल न्यायालय परिसर खरसिया में भूमि का समतलीकरण एवं उन्नयन व गार्डन विकसित करना (प्रथम आमंत्रण) | 8.44 6330.00 126600.00 |
| 2 T0013 | आई.टी.आई.खरसिया में मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 9.24 6930.00 138600.00 |

**निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) 750.00 प्रत्येक, निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक,** T0003 से T0011 एवं T0013 तक हेतु 03 माह वर्षाऋतु सहित एवं T0012 हेतु 02 माह वर्षाऋतु सहित समय निर्धारित है।
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/ pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. रायगढ़ संभाग
रायगढ़

जी- 252600592/3

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम सपना सिन्हा (SAPNA SINHA) पति स्व. चित्तरंजन सिन्हा (CHITTARANJAN SINHA) अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम शाहजहाँ बेगम (SHAHJHAN BEGUM) पिता स्व. मोहम्मद हुसैन (MOHAMMAD HUSAIN) निवासी पुराना हाईकोर्ट के पीछे, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख ली हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम शाहजहाँ बेगम (SHAHJHAN BEGUM) पिता स्व. मोहम्मद हुसैन (MOHAMMAD HUSAIN) से जाना एवं पहचाना जाये।

शाहजहाँ बेगम
(SHAHJHAN BEGUM)
पुराना हाईकोर्ट के पीछे,
टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.)
495001

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम डभरा प.ह.नं. 22
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका पवित्र कुर्रे पिता बोधराम कुर्रे जाति सतनामी निवासी सुखापाली तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा में उनके नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 2181/2, 2181/3 रकबा क्रमशः 0.04, 0.03 1/2 कुल रकबा 0.07 1/2 एकड़ में से 0.05 एकड़ भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 19.05.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यइ ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 28.04.2025 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम डभरा प.ह.नं. 22
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री लालमणि कुर्रे पिता बोधराम कुर्रे जाति सतनामी निवासी सुखापाली तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा में उनके नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 2181/10, 2181/11 रकबा क्रमशः 0.02, 0.03 1/2 कुल रकबा 0.05 1/2 एकड़ भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 19.05.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यइ ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 28.04.2025 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा

**न्यायालय नायब तहसीलदार गनियारी तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.
202504072900029/अ6
121/ 2024-2025
ग्राम मोहनभाठा, प.ह.नं. 20

एतत् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मोहनभाठा प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोमन सिंह कौशिक पिता दलगंजन सिंह निवासी बिलासपुर द्वारा ग्राम मोहनभाठा स्थित भूमि खनं. 501/1 रकबा 0.5750 हे. को रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र के माध्यम से क्रय करने का कथन करतें हुए अपने नाम पर नामांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 16.05.2025 को 10.30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
गनियारी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम डभरा प.ह.नं. 22
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री साखीराम चंद्रा पिता जोइधाराम जाति चंद्रनाहू निवासी डभरा तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा में उनके नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 925/6 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 08.05.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारिंत तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यइ ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा


देशबन्धु बिलासपुर संस्करण के 35वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
देशबन्धु
विजय वर्मा भा.
चरण सेवक बिल्हा विधानसभा


देशबन्धु बिलासपुर संस्करण के 35वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू
पार्षद नगर निगम
बिलासपुर
लक्ष्मीनाथ साहू
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, तिफरा


देशबन्धु बिलासपुर संस्करण के 35वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
सुनील झा
प्रदेश महासचिव छ.ग.शिवसेना
धनंजय सिंह परिहार
प्रदेश प्रमुख छ.ग. शिवसेना


श्रम का सम्मान
श्रमवीरों का कल्याण...
1 मई
अंतर्राष्ट्रीय
श्रमिक दिवस
की प्रदेश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर...
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in

बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल से नहीं आतंकवाद से लड़ें

देश के किसी भी दुश्मन से लड़ने का काम, चाहे वह सेना हो या आतंकवादी, सरकार और सेना का होता है। लेकिन देश की सत्ता पर काबिज भाजपा पहलगाम में हुए हमले के जिम्मेदार आतंकियों के साथ लड़ने की बजाय कांग्रेस एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से लड़ रही है। देश भर में भाजपा ने पूरे देश में मुस्लिमों के खिलाफ़ एक तरह से अभियान छेड़कर भारत का एक विभाजित समाज के रूप में परिचय देने का काम किया है, वहीं राहुल पर हमला कर उसने यह भी संदेश दिया है कि देश में राजनीतिक एकता भी नहीं है। लाज़िमी है कि इसका लाभ दुश्मन देश को ही मिलेगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि उसे अपनी इस क्षुद्र लड़ाई को बाद के लिये छोड़ देनी चाहिये। फिलहाल यह देश की सामाजिक व राजनीतिक ऐका दिखाने का वक्त है, न कि यह संदेश देने का कि सियासी दलों को आपसी सिर-फुटौव्वल से लड़ने से ही फुरसत नहीं है।

लम्बे समय के बाद राहुल गांधी मंगलवार व बुधवार को अमेठी तथा रायबरेली लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर पहुंचे थे। उनके आने के पहले दोनों जगहों पर उनके खिलाफ़ पोस्टर लगाये गये जिनमें उन्हें 'आतंकियों का साथी' बताया गया तो किसी में उन्हें जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ने वाला करार दिया गया। कुछ पोस्टरों में कांग्रेस पर आतंकियों व पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया गया है। एक भाजपायी नेता ने अपनी तस्वीर के साथ इस आशय के पोस्टर लगाये कि राहुल व कांग्रेस जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ेगी तो भाजपा राष्ट्रवाद के आधार पर जोड़ेगी। भाजपा से इसलिये उम्मीद लगानी स्वाभाविक है क्योंकि केन्द्र सरकार का नेतृत्व वही करती है। इस नाते उसे इस मसले पर गम्भीर होने की ज़रूरत है, लेकिन जिस प्रकार से इस समय देश के अलग-अलग हिस्सों में मुसलमानों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार हो रहा है, राहुल के साथ उसका सलूक वैसा ही गैर जिम्मेदाराना है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा सांसद अखिलेश यादव के साथ भी कुछ कुछ ऐसी ही बदसलूकी कर रही है क्योंकि सपा के साथ बड़ी तादाद में मुसलमान हैं तथा भाजपा उनके खिलाफ है।

देश के अनेक राज्यों से मुसलमानों को धमकियां देने, उनके साथ मारपीट करने, कश्मीरी छात्रों को शहर छोड़कर जाने की धमकियां देने तथा एक-दो हत्याओं से लगता है कि उग्र राष्ट्रवाद को इस सबसे संतोष नहीं मिल रहा है। सो आलोचना की तोप राहुल की तरफ़ मोड़ दी गयी है। जातिवाद के जरिये राहुल-कांग्रेस पर देश को तोड़ने का आरोप दरअसल उनकी जातिगत जनगणना की मांग से जुड़ा है। हालांकि बुधवार को हुई केबिनेट बैठक में सरकार ने फैसला लिया है कि वह जातिगत जनगणना कराएगी। मगर अपनी बौखलाहट में राहुल पर आक्रमण करती भाजपा को भूलना नहीं चाहिये कि राहुल व कांग्रेस परिवार के दो लोगों की हत्याएं आतंकवादियों ने ही की हैं।

भाजपा के जो लोग इस पोस्टर वॉर का हिस्सा हैं या उसे अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं, वे इस बात को भी भूलते हैं कि विपक्षी नेताओं में सबसे पहले राहुल तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऐलान किया था कि वे सरकार के साथ पूरी तरह से खड़े हैं और सरकार जो भी निर्णय लेगी, वे उसका समर्थन करेंगे। राहुल ने ही सबसे पहले कश्मीर का दौरा किया और साफ किया कि चाहे जो चूक हुई हों, वे सरकार से अभी कोई सवाल नहीं करेंगे। इसके बरक्स प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रवैये से निराशा हुई है। सऊदी अरब का दौरा छोड़कर लौटे मोदी से उम्मीद थी कि वे तुरन्त कश्मीर जायेंगे। उनसे यह भी अपेक्षा थी कि वे सर्वदलीय बैठक का नेतृत्व करेंगे। आश्चर्य ही नहीं यह दुख की बात है कि उन्होंने बैठक में भाग लेने की बजाय बिहार की रैली में जाना उचित समझा जहां इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। इतना ही नहीं, कार्यक्रम के मंच पर उनके तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हंसी-ठिठोली करते वीडियो सामने आये थे जो इस बात को साबित करने के लिये काफी हैं कि उन्होंने इस घटना को कितने हल्के में लिया है। अलबत्ता, उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना स्वरूप सभी से कुछ पलों का मौन धारण कराया था।

जनता को यह भी उम्मीद थी; और अब भी है कि वे संसद के दोनों सदनों का कम से कम एक दिन का विशेष सत्र बुलायें जिसमें वे सरकार के कदमों की देश को जानकारी दें। उन्हें देशवासियों को आश्वस्त करना चाहिये कि आईंदा ऐसी दुखद घटनाएं न हों उसके लिये सरकार पुख्ता कदम उठायेगी। राष्ट्र के नाम टीवी पर वे संदेश तो दे ही सकते थे, लेकिन उन्होंने इस विषय के लिये हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को चुना। एक ओर तो सरकार अपने कर्तव्यों से पूरी तरह से सायास विमुख रही है तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष, खासकर राहुल जिम्मेदार नेता की तरह बर्ताव कर रहे हैं। ऐसे में उन पर हमला तर्कसंगत नहीं है।

# राजनैतिक हिसाब-किताब फिर कभी, अभी एकजुटता दिखाने की जरूरत

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

उत्तराखंड के मसूरी में कश्मीरी शॉल बेचने वाले दो लोगों के साथ मारपीट कर उन्हें चले जाने कहा गया, इस घटना का वीडियो बनाया गया, जिसमें पीड़ितों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस घटना के बाद कम से कम 16 कश्मीरी शॉल विक्रेता मसूरी छोड़ कर चले गए, जबकि वे बरसों से यहां थे।....

'ये विश्व पाकिस्तान का नहीं है। पाकिस्तान के एजेंट इसी चौराहे पर खड़े होकर सुन रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि 'अब तुम भोपाल में हंगामा करके दिखाओ। आरिफ मसूद, चोर और उसके साथी जो हमारे धर्म का विरोध करते हैं, उन्हें हम नहीं छोड़ेंगेज् यहीं पर निपट लेंगे।'... ये बयान मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य कृष्णा घाडगे ने दिया। जिन आरिफ मसूद का जिक्र उन्होंने किया, वे कांग्रेस के विधायक हैं। हालांकि श्री घाडगे का कहना है कि उनकी रैली पाकिस्तान के खिलाफ थी और मसूद के फैन क्लब ने उनके बारे में झूठी शिकायत दर्ज कराई है।...

मंगलुरु में एक क्रिकेट मैच के दौरान 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के कथित नारे लगाने पर 25 से अधिक लोगों के एक समूह ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी...। 27 अप्रैल को दिन के करीब 3 बजे यह घटना हुई, जिसमें भीड़ लाठियों से पीड़ित को पीटती रही और उसे मार डाला गया...।

प.बंगाल में एक शहर में व्यस्त मार्ग पर पाकिस्तान के झंडे का स्टीकर चिपकाया गया, ताकि राहगीरों के पैर उस पर पड़ते रहे...कुछ जगहों पर पाकिस्तनी झंडे को जलाने की कोशिश भी की गई...।

अलीगढ़ में सड़क पर पाकिस्तान का झंडा पड़ा देख 9वीं कक्षा के एक छात्र ने उसे हटाने के लिए उठाया, इस पर वहां मौजूद हिंदूवादी संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं ने छात्र को पकड़ लिया, छात्र पर आरोप लगे कि वो झंडे की 'हिफाजत' कर रहा है, उसने रोते हुए माफी मांगी और कहा कि वो ऐसा कुछ नहीं कर रहा था, लेकिन उस छात्र को आतंकवादी कहते हुए उससे पाकिस्तान के झंडे पर कील ठुकवाई गई और फिर पेशाब भी करवाई गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया गया है।...

उपरोक्त तमाम दृष्टांत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद के हैं, जिसमें पाकिस्तान से बदला लेने को तत्पर देशभक्त नागरिक अपने ही साथी नागरिकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। इस प्रताड़ना का सबसे बड़ा आधार यही है कि पीड़ित व्यक्ति मुस्लिम है। देश में अल्पसंख्यकों पर इस किस्म के अत्याचार पहली बार नहीं हुए हैं। लेकिन ऐसी घटनाओं का बार-बार होना और खासकर संवेदनशील वक्त में इनकी आवृत्ति बढ़ना न केवल देश की एकता के लिए खतरनाक है, बल्कि इस लिहाज़ से भी चिंताजनक है कि हम किस कदर कुंठाग्रस्त और हिंसक मनोवृत्ति वाले समाज में तब्दील हो चुके हैं। एक निर्वाचित विधायक से लेकर 9वीं कक्षा के छात्र तक किसी को भी हिंसा का डर दिखाया जा रहा है, तो क्या ये सभ्य समाज की निशानी मानी जाएगी। 9वीं कक्षा के छात्र से पाक झंडे पर पेशाब करवा कर और उसका वीडियो बनाकर क्या देशभक्ति का सबूत जुटाया जा रहा है। वह किशोर बच्चा इस मानसिक यंत्रणा के बाद क्या लंबे वक्त तक सामान्य हो पाएगा। चंद उन्मादी लोगों ने उसे जीवन भर का दाग दे दिया है, जिसे न जाने कैसे मिटाया जा सकेगा।

पाकिस्तान के झंडे को कुचलकर या उसे उठाने वाले को सजा देकर या कश्मीर में हुए आतंकी हमले का बदला कश्मीरी लोगों पर उतारकर हम अपने मानसिक दिवालिएपन का नमूना दुनिया के सामने पेश कर रहे हैं, ये बात इस समय उग्र राष्ट्रवाद से ग्रस्त लोगों को समझ नहीं आएगी, और जब तक आएगी, तब तक शायद देर हो चुकी होगी।

> **अब भाजपा नेतृत्व को भी अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं को ऐसे ही निर्देश देने चाहिए। राजनैतिक हिसाब-किताब के लिए काफी वक्त मिल जाएगा, लेकिन ये समय देश के लिए एकजुट होकर खड़े रहने का है। समाज के बाकी तबकों को भी इस पर विचार करना चाहिए कि नफरत और हिंसा की घटनाओं को आखिर कैसे रोका जा सकता है।**

इन घटनाओं के बीच एक घटना का वीडियो और सामने आया है, जिसमें दिल्ली के एक भाजपा नेता के घर एसी सर्विस करने आए दो लोगों को केवल इसलिए लौटा दिया गया क्योंकि वे मुसलमान हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि घर के दरवाजे पर खड़े दो व्यक्तियों से कहा जा रहा है कि तुम चले जाओ हम मुसलमानों से काम नहीं कराते, अपनी कंपनी से कहो किसी हिंदू को भेजें।

पहले भी कई गिग वर्कर्स के साथ धर्म के आधार पर ऐसा अपमानजनक व्यवहार हो चुका है, लेकिन अब अपमान करने के साथ-साथ उनका वीडियो बनाकर डालना समाज में यह संदेश फैलाने की कोशिश करना है कि यह देश अल्पसंख्यकों का नहीं है और अगर उन्हें यहां रहना है तो इसी तरह डर कर, अपमानित होकर रहना पड़ेगा। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं है। मगर अपनी राजनीतिक जमीन पुख्ता करने के लिए शायद यही अच्छी स्थिति है। कुछ और दृष्टांत देखिए-

पहलगाम हमले के फौरन बाद महाराष्ट्र में भाजपा विधायक नीतेश राणे ने कहा है कि हिंदुओं को कुछ भी खरीदने से पहले दुकानदार का धर्म पूछना चाहिए और उसे हनुमान चालीसा पढ़ने कहना चाहिए। वहीं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस हमले में खुफिया एजेंसियों की नाकामी और सरकार की विफलता को लेकर उठते सवालों के बीच कहा कि जब तक 140 करोड़ भारतवासी देशभक्ति और राष्ट्रवाद को अपना परम धर्म मानते नहीं हैं, तब तक इस तरह की घटनाएं देश को परेशान करती रहेंगी।

यह बड़ा ही निराशाजनक बयान था, जिसमें देश की जनता को ही ऐसी घटना का कसूरवार ठहरा दिया गया। जब नरेन्द्र मोदी बार-बार इन 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताते हैं, तो क्या वे राष्ट्रद्रोहियों को अपना भाई-बंधु बता रहे हैं, यह बात श्री गोयल को स्पष्ट करनी चाहिए। वैसे दुख की बात है कि भाजपा ने पहले नेहरू-गांधी जैसे स्वाधीनता सेनानियों का अपमान किया, विपक्ष की आवाज़ को दबाया, संविधान को बदलने की कोशिश की, अंबेडकर के नाम लेने को फैशन बताया, सुप्रीम कोर्ट पर पक्षपात का आरोप लगाया, मुख्य न्यायाधीश को गृहयुद्ध भड़काने वाला बताया और अब उस आम जनता को ही कटघरे में खड़ा कर दिया, जो सारी तकलीफें सहते हुए, चुपचाप अपना काम करती है, ताकि देश आगे बढ़े, टैक्स भरती है ताकि राजकोष भरे, नियमों-कानूनों का पालन करती है, ताकि देश में अराजकता न फैले, ये सब देशभक्ति और राष्ट्रवाद नहीं है तो फिर और क्या है। लेकिन भाजपा के नेता अब भी देशभक्ति और राष्ट्रवाद के अपने पैमाने पर 140 करोड़ लोगों की देशभक्ति को परख रहे हैं। अफसोस की बात ये है कि इनके पैमाने में देश के लिए शहीद हुए लोगों के लिए भी सम्मानजनक स्थान नहीं है। अन्यथा आज राहुल गांधी, सोनिया गांधी या प्रियंका गांधी की देशभक्ति पर सवाल नहीं किए जाते।

मंगलवार को राहुल गांधी रायबरेली के दौरे पर थे और बुधवार को वे अमेठी पहुंचे, इस दौरान अज्ञात लोगों ने उनके खिलाफ पोस्टर लगाए, एक में लिखा आतंक का साथी, राहुल गांधी। एक अन्य पोस्टर में राहुल, कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार की फोटो के साथ लिखा – इंडी गठबंधन का हाथ पाकिस्तान के साथ। तीसरे पोस्टर में गुलाम नबी आजाद, लश्कर आतंकी हाफिज सईद और सैफुद्दीन सोज की फोटो लगी थी, इसमें लिखा था– कांग्रेस आतंकियों और पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। क्या राहुल और उनकी पार्टी पाकिस्तान और आतंकवादियों का एजेंडा आगे बढ़ा रही?

उप्र पुलिस ने इन पोस्टरों को उतार लिया है, लेकिन सोचने वाली बात है कि जिन राहुल गांधी ने अपने पिता और दादी को आतंकवाद के कारण ही खोया है, जो देश के नेता प्रतिपक्ष हैं, उन पर इस तरह के इल्जाम क्यों लगाए जा रहे हैं। इसी तरह प्रियंका गांधी का दोसा बनाते एक वीडियो शेयर करते हुए एक भाजपा समर्थक ने लिखा, जिस तरह देश को जलाया, उसी तरह दोसा जला रही हैं।

भाजपा नेता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के खिलाफ दिए एक लंबे-चौड़े बयान में कहा कि यह इंडी गठबंधन नहीं है, यह रावलपिंडी गठबंधन है। आज से हम इन्हें इंडी गठबंधन नहीं कहेंगे, हम इन्हें 'पिंडी' गठबंधन कहेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता पाकिस्तानी मीडिया के हीरो हैं। मुझे लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब इस 'पिंडी' गठबंधन के लोग पाकिस्तान में चुनाव लड़ेंगे।

गौर करने की बात यह है कि विपक्ष पर सारे इल्जाम उस वक्त लगाए जा रहे हैं, जब सर्वदलीय बैठक में समूचे विपक्ष ने सरकार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देने का ऐलान किया है। हालांकि कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर नरेन्द्र मोदी को निशाने पर लेते हुए कुछ ट्वीट किए गए, जिन पर भाजपा ने आपत्ति जाहिर की, तो कांग्रेस ने उन्हें हटा लिया साथ ही के सी वेणुगोपाल ने सख्त निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस कार्यसमिति में लिए फैसले के आधार पर पार्टी लाइन पर ही बयान दिए जाएं और कोई भी आपत्तिजनक ट्वीट न किया जाए। अब भाजपा नेतृत्व को भी अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं को ऐसे ही निर्देश देने चाहिए। राजनैतिक हिसाब-किताब के लिए काफी वक्त मिल जाएगा, लेकिन ये समय देश के लिए एकजुट होकर खड़े रहने का है। समाज के बाकी तबकों को भी इस पर विचार करना चाहिए कि नफरत और हिंसा की घटनाओं को आखिर कैसे रोका जा सकता है। पुलिस-प्रशासन मामले दर्ज कर सकती है, लेकिन आम लोगों में सौहार्द्र और सद्भाव कायम रहे, यह काम घरों, शिक्षा संस्थानों, कार्यालयों से होना चाहिए।

# क्या मोदी पाकिस्तान के खिलाफ अमेरिका की दोस्ती का इस्तेमाल कर सकते हैं?

■ नित्य चक्रवर्ती

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने 29 अप्रैल, मंगलवार को अपने दूसरे गैर-लगातार कार्यकाल में अपने पहले 100 दिन पूरे कर लिए हैं, जबकि उनकी अव्यवस्थित नीतियों के कारण वैश्विक अव्यवस्था जारी है। एकतरफा टैरिफ वृद्धि, गाजा में शांति स्थापित करने में विफलता, इजरायल द्वारा हत्याओं का सिलसिला भी जारी है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी ट्रम्प के खुद के कदमों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में आयी उथल-पुथल के साथ तालमेल नहीं बिठा पाई है।

ट्रम्प प्रशासन के पहले 100 दिनों में टैरिफ नीति के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में कई उतार-चढ़ाव देखे गये। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध में चीन के साथ अपनी लड़ाई में ट्रंप ने पहले कदम बढ़ाया है, लेकिन अभी तक चीन ने आधिकारिक तौर पर वार्ता के लिए प्रतिनिधि नहीं भेजे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रति ट्रंप का रुख अब नरम है। ट्रंप के सलाहकारों को उम्मीद है कि जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त होने वाली 90-दिवसीय विराम अवधि के दौरान अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए पचास से अधिक देशों की सहमति मिल जायेगी। अब तक कुल 180 व्यापार भागीदारों में से 21 देश व्यापार शर्तों पर बातचीत करने के लिए सहमत हो गये हैं।

अमेरिकी लोग ट्रंप के आखिरी 100 दिनों को किस तरह देख रहे हैं? न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित अमेरिका के प्रमुख शहरों में ट्रंप की मगानीतियों और अंधाधुंध निर्वासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। खास बात यह थी कि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की इतने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों में कोई भूमिका नहीं थी। ट्रेड यूनियनों और महिला संगठनों सहित विभिन्न हित समूहों ने इसमें अग्रणी भूमिका निभायी।

> **भारत के लिए, सबसे तात्कालिक मुद्दा यह है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को ट्रम्प के 100 दिन पूरे होने से ठीक सात दिन पहले हुए पहलगाम नरसंहार पर जवाबी कार्रवाई के रूप में पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर सैन्य कार्रवाई करते हैं, तो ट्रम्प क्या निर्णय लेंगे। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, सभी देशों ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की है।**

ट्रंप के लिए बेचैन करने वाला पहलू यह है कि हाल के जनमत सर्वेक्षणों में ट्रंप की स्वीकृति रेटिंग 39 से 44 प्रतिशत के बीच दर्ज की गयी, जो अमेरिकी विश्लेषकों के अनुसार, 100 दिन पूरे होने के बाद अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में सबसे कम थी। जो बाइडेन 54 प्रतिशत और बराक ओबामा 62 प्रतिशत पर थे। 100 दिनों के बाद उनकी रेटिंग में यह गिरावट बढ़ सकती है, अगर वे इस साल जुलाई के बाद अपनी व्यापार कूटनीति में सफलता प्राप्त कर सकें और अमेरिकी लोगों और व्यापारिक साझेदारों को यह साबित कर सकें कि अमेरिका के समर्थन के बिना कोई भी देश वैश्विक व्यापार में समृद्ध नहीं हो सकता।

अमेरिकी लोगों ने यह भी देखा है कि वे एकमात्र राष्ट्रपति हैं जिन्होंने गाजा और यूक्रेन में युद्धविराम लाने का काम तुरंत शुरू किया। यह एक नाजुक और समय लेने वाली प्रक्रिया है, लेकिन ट्रम्प युद्धविराम की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए रूसी और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों को एक शिखर सम्मेलन में लाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प 9 मई को मास्को में विजय दिवस समारोह में भाग लेने वाले हैं। ट्रम्प और पुतिन दोनों यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के बारे में अधिक बात कर सकते हैं, जबकि यूरोपीय संघ के सदस्य राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को रूस के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए उकसा रहे हैं।

यूरोप के संबंध में, ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के सदस्यों को पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया है। हंगरी को छोड़कर, उनका कोई समर्थक नहीं है। लेकिन इस साल 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण के बाद से ही यूरोपीय देशों, खास तौर पर फ्रांस और जर्मनी के खिलाफ उनके हमलों ने उन देशों में दक्षिणपंथी पार्टियों की मदद नहीं की है। जर्मनी में ट्रंप का अभियान विफल रहा और फिलहाल जर्मन राष्ट्रवाद की जीत हुई। 28 अप्रैल को केनडा में राष्ट्रीय चुनाव हुए, जिसमें मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की बड़ी जीत देखी गयी, जो वर्तमान प्रधानमंत्री हैं।

भारत के लिए, सबसे तात्कालिक मुद्दा यह है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को ट्रम्प के 100 दिन पूरे होने से ठीक सात दिन पहले हुए पहलगाम नरसंहार पर जवाबी कार्रवाई के रूप में पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर सैन्य कार्रवाई करते हैं, तो ट्रम्प क्या निर्णय लेंगे। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, सभी देशों ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की है और भारत को समर्थन दिया है, लेकिन उन्होंने भारत के इस दावे का समर्थन करते हुए कुछ भी नहीं कहा है कि इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ था।


22 अप्रैल को ही, ट्रम्प और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे. डी. वांस, जो उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन भारत में थे, ने सहानुभूतिपूर्वक भारत का समर्थन किया। इसे यहां के सरकारी अधिकारियों द्वारा भारतीय स्थिति के लिए एक तरह से स्पष्ट समर्थन के रूप में लिया गया। लेकिन बाद में ट्रंप ने अपना रुख बदलकर तटस्थ रुख अपनाया जब उन्होंने कहा कि- सीमा पर हमेशा तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश इसे सुलझा लेंगे। अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड की टिप्पणी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा-' अमेरिका भारत के साथ खड़ा है क्योंकि वह जघन्य पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा रहा है।'

मौलिक बात यह है कि वर्तमान वैश्विक स्थिति में ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच एक और युद्ध नहीं चाहेंगे, चाहे अमेरिकी राष्ट्रपति की अपने प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी के प्रति व्यक्तिगत पसंद कुछ भी हो। लेकिन निश्चित रूप से, भारत अमेरिका को पाकिस्तान सरकार पर आतंकी शिविरों को नष्ट करने और भारत के खिलाफ पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवादियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए जबरदस्त दबाव डालने के लिए राजी कर सकता है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास ऐसे आतंकी शिविरों की सूची होगी। सीआईए के पास भी होगी। ट्रंप और तुलसी गबार्ड दोनों के साथ अच्छे संबंधों का उपयोग भारत के लिए तत्काल उपलब्ध विकल्प है।

पाकिस्तान पहलगाम नरसंहार की जांच के लिए एक अंतरराष्ट्रीय जांच स्थापित करने की मांग कर रहा है। चीन और कुछ अन्य देशों ने इसका समर्थन किया है। स्पष्ट कारणों से, भारत इस पर सहमत नहीं हो सकता क्योंकि इससे कश्मीर की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय बनाने में मदद मिलेगी। आतंकी शिविरों को नष्ट करने की सीमित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, या तो अमेरिका द्वारा की गयी कार्रवाई के द्वारा, या अमेरिकी समर्थन के साथ भारतीय बलों द्वारा। ट्रंप एक लेन-देनवादी हैं। वह भारत को समर्थन के लिए अमेरिकी व्यापार के लिए कुछ बड़े सौदे की तलाश कर सकते हैं, जैसा कि उन्होंने यूक्रेन के खनिज संसाधनों के बारे में राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ किया था।

किसी भी मामले में, भारत के पास बहुत कम विकल्प हैं। मोदी शासन के पिछले ग्यारह वर्षों में, विदेश नीति को अमेरिका को एकमात्र मित्र के रूप में विकसित करने के लिए तैयार किया गया है। रूस इस समय अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में नाराज है, रक्षा आयात के कई क्षेत्रों में रूस की जगह ली जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले साल 22 अक्टूबर को कज़ान में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिये जाने के छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई तिथि तय नहीं की गयी है। चीन अब भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में दिलचस्पी रखता है। लेकिन उसके विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने 28 अप्रैल को पाकिस्तान की संप्रभुता की रक्षा में उसका समर्थन करने की बात कही। प्रधानमंत्री और उनके सलाहकारों को अमेरिका के समर्थन और चीन की सहनशीलता के साथ पाकिस्तान पर पलटवार करने के लिए सबसे अच्छे विकल्प की तलाश करनी होगी। ट्रंप के कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी यह साबित करने का मौका मिलेगा कि पाकिस्तान द्वारा समर्थित सीमा पार आतंकवाद की चुनौती का सामना करने में इस दोस्ती का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है।

## ललित सुरजन की कलम से



# चुनावों में बदजुबानी

*'यदि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अपने विरोधियों पर विष बुझे तीर छोड़ रहे हैं तो कांग्रेस, सपा, बसपा, आप आदि के नुमाइंदे भी अपनी वाणी पर संयम नहीं रख पा रहे हैं। ऐसा लगता है मानो चुनकर संसद में जाने के पहले ही सारा हिसाब-किताब बराबर कर लेंगे। ऐसा नहीं कि प्रत्याशीगण ऐसा आचरण भावावेश में कर रहे हों बल्कि अनुमान होता है कि वे अच्छी तरह से जानबूझकर ही अशिष्ट और अनर्गल भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इसमें उन्हें दो तरह से फायदा दिखाई देता है। एक तो उन्हें लगता है कि इससे मतदाताओं पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा और वे उनकी बहादुरी के कायल हो जाएंगे और दूसरे कि इससे मीडिया में उनका नाम बिना खास मेहनत किए सुर्खियों में आ जाएगा। तीसरे यह भी संभव है कि इसके लिए उन्हें दल के बड़े नेताओं से सराहना मिलती हो।'*

*'यह जो परिस्थिति उत्पन्न हुई है इसकी कुछ जिम्मेदारी चुनाव आयोग को भी स्वीकार करना चाहिए। वह इसलिए कि आम चुनाव की प्रक्रिया बहुत लंबी खिंच गई है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है किंतु व्यक्ति केन्द्रित हो जाने से उसका दुष्प्रभाव कुछ अधिक गहरा गया है।'*

**( देशबन्धु में 24 अप्रैल 2014 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/04/blog-post_23.html

## पावन प्रसंग

# अपना काम स्वयं करें

अपना काम स्वयं करने से व्यक्ति हमेशा चेतन,सक्रिय और ऊर्जावान बना रहता है। शारीरिक और मानसिक श्रम करने से शरीर और मन, दोनों स्वस्थ रहते हैं और व्यक्ति में आलस्य-प्रमाद जैसे दोष भी नहीं पनपते। अपना काम स्वयं करने से स्वास्थ्य लाभ के अलावा अपने हर काम को सही तरीके से और समय पर पूरा कर पाने का लाभ भी मिलता है। हमारे व्यक्तित्व में निखार आता है। दूसरों के भरोसे रहने से काम के पूर्णरूपेण होने और समय पर सम्पन्न होने में संदेह भी होता है जिससे हमें अनावश्यक तनाव और चिंता होती है और फलस्वरूप हम शारीरिक-मानसिक रूप से अस्वस्थ भी रहते हैं। अपना काम स्वयं करने से हर कदम पर अपने काम का मूल्यांकन भी कर सकते हैं, गलत को सही करते हैं और अच्छे परिणाम पाते हैं। अपना काम स्वयं करने, समय पर करने और पूर्णरुपेण करने से हमें हमारे काम में सफलता भी मिलती है।हर छोटे-छोटे काम के लिए दूसरों पर आश्रित रहने और दूसरों की सेवा सहायता पाने की ताक में रहने से न सिर्फ हमारा काम खराब होता है,बल्कि हमें आत्मग्लानि भी होती है।ऐसी सोच हमें परावलंबी, पराश्रित, परजीवी, पंगु बनाकर हमें अपने आत्मस्वाभिमान, आत्मगौरव से भी वंचित करती है। हां,यदि असक्त हैं, बीमार हैं. मजबूर हैं, संकट में हैं तो किसी की सहायता लेने में कोई हर्ज नहीं। ऐसी स्थिति में सहायता लेनी भी चाहिए और दूसरों को सहायता देनी भी चाहिए। परंतु दूसरों के भरोसे रहने की आदत कोई भली आदत बिलकुल नहीं है।

हम यदि स्वस्थ हैं तो हमें अपना काम स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए और इसकी शुरुआत अपने घर से ही करनी चाहिए। जेसे अपने घर की सफाई, बगीचे के पौधों में स्वयं पानी सींचना आदि स्वावलंबी, आत्मनिर्भर व्यक्ति ही स्वयं के साथ- साथ परिवार, समाज व राष्ट्र के काम आता है और स्वयं को गौरवान्वित करने के साथ-साथ, परिवार, समाज और राष्ट्र को भी गौरवान्वित करता है। अपना काम स्वयं करने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। आजकल देखा जाता है कि अपना काम स्वयं न करके दूसरों से कराने को ही सम्मान की बात मानी जाती है। इसी सोच ने व्यक्ति को आलसी, प्रमादी, निकम्मा बना दिया है। परमात्मा ने हमें मनुष्य शरीर दिया है। हमें सभी प्राणियों से श्रेष्ठ और बुद्धिमान बनाया है और परमात्मा ने ये सारे अनुदान, अनुग्रह हमें परावलंबी,पंगु बनने के लिए तो नहीं दिया है। हमें सर्वसमर्थ बनाया है ताकि हम हर कर्म को कुशलतापूर्वक कर हर क्षेत्रों में सफलता पाएं और स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी सुखी बनाएं। जिन्हें जीवन में सुखी, सफल, समृद्ध व सानंद होना है, उन्हें अपना काम स्वयं करने की आदत अविलंब, आज और अभी से ही आरंभ कर देना चाहिए।

-अखंड ज्योति

## आपके पत्र

# राष्ट्रहित में संयम की पुकार है

यह नारा उस समय और अधिक सार्थक हो उठता है जब एक निर्दोष पर्यटक, अपनी पत्नी के साथ छुट्टियां मनाने गया हो और आतंक की गोली का शिकार हो जाए। पहलगाम की ताज़ा घटना, जिसमें एक हिंदू युवक को टारगेट कर आतंकवादियों ने गोली मार दी, सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है। और ऐसे समय में यह कहना—"प्रश्न पूछने के अवसर भी आएंगे"—कोरी बचाव की भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में संयम की पुकार है।

पहलगाम की घटना- घृणा का एकतरफा निशाना। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम, जहां का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित करता है, अब आतंक का नया निशाना बन गया है। इस बार किसी सैनिक को नहीं, किसी पुलिसकर्मी को नहीं, बल्कि एक आम हिंदू नागरिक को निशाना बनाया गया—जो अपनी पत्नी के साथ पर्यटक बनकर वहां गया था। आतंकियों ने स्पष्ट धार्मिक पहचान देखकर हमला किया। यह हमला दो स्पष्ट संदेश देता है। पहला यह कि- पाकिस्तान-समर्थित आतंकी अब भी भारत में धार्मिक विभाजन फैलाने पर आमादा हैं। दूसरा यह कि उनका उद्देश्य केवल कश्मीर को अस्थिर करना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डर और नफ़रत का माहौल बनाना है।

इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठनों की जड़ें पाकिस्तान की धरती में हैं। चाहे वो लश्कर-ए-तैयबा हो, या टीआरएफ जैसे नए नाम वाले पुराने चेहरे—इनकी फंडिंग, ट्रेनिंग और संरक्षण सब पाकिस्तान से आते हैं। ये आतंकवादी संगठन अब न सिर्फ कश्मीर को चोट पहुंचा रहे हैं, बल्कि पूरे भारत की धार्मिक एकता और पर्यटन स्थलों की शांति को भी लक्ष्य बना रहे हैं। जब भारत आक्रोशित होता है, तो यह आक्रोश केवल सैनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आम भारतीय के भीतर भी जागता है—जो अपने देश के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है।

सवाल बनाम एकता: वक्त का तकाज़ा—लेकिन इस समय कुछ लोग, खासकर बौद्धिक तबके के कुछ हिस्से और राजनीति के एक विशेष वर्ग से जुड़े लोग, इस घटना को 'कश्मीर में असंतोष' कहकर आतंकियों को परोक्ष वैचारिक समर्थन देने लगते हैं। कुछ मीडिया संस्थान इसे एक सामान्य अपराध बताकर इसकी धार्मिक प्रकृति को छुपाने की कोशिश करते हैं। ये वही लोग हैं जो हर बार आतंक के हमलों को या तो साजिश बताकर नजरअंदाज करते हैं या फिर 'भूल जाओ, आगे बढ़ो' जैसे शब्दों में लपेट देते हैं। लेकिन इस बार मामला सिर्फ एक व्यक्ति की मृत्यु का नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की चीख है, जिसे चुपचाप सह लेना नैतिक अपराध होगा।

हमारी ज़िम्मेदारी-वीरता सिर्फ सीमा पर नहीं होती। यह समझना ज़रूरी है कि देशभक्ति केवल वर्दी में नहीं, विचार में भी होती है। जब कश्मीर में एक हिंदू नागरिक को सिर्फ इसलिए मारा जाए क्योंकि वह हिंदू है, और तब भी देश के भीतर कुछ लोग चुप रहें, या मुद्दे से ध्यान भटकाएं, तो यह नैतिक पराजय होती है। यह वीरता क्या काम की, जो बंदूक थामे बिना चुपचाप अत्याचार को सहन करे? क्या लेखकों, कलाकारों, विचारकों और नागरिकों की कोई ज़िम्मेदारी नहीं? क्या हम सिर्फ ट्रेंडिंग हैशटैग तक सीमित रह गए हैं?

डॉ सत्यवान सौरभ

उल्टा पुल्टा

औरंगजेब- सेनापति! यह बताओ कि हम शिवाजी को क्यों नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं?
सेनापति- महाराज, क्योंकि हम मुगल हैं, गूगल नहीं.

# अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के 2 महिला समेत 5 आरोपी पकड़ाए, 22 लाख के आभूषण व कार बरामद





**बिलासपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस ने एक ऐसे अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है जो पीतल को सोना बताकर ज्वेलर्स संचालकों से ठगी करता था। पुलिस ने गिरोह के दो महिलाओं समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने 140 ग्राम सोने के गहने, 3 किलो चांदी के गहने और 94 हजार रुपए नगद जप्त किए है। पकड़े गए सभी आरोपी इलाहाबाद के है और एक ही परिवार के है। आरोपियों ने छत्तीसगढ़ के कई शहरों में वारदात करना स्वीकार किया है।

थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत हिम्मत लाल ज्वेलर्स गोल बाजार बिलासपुर म दो दिन पूर्व दोपहर करीब 11.30 बजे दो महिला ज्वेलरी शॉप में आकर नकली सोना को असली बताकर उसके एवज में 42.3 ग्राम असली सोना किमती 4,55,000 रू एवं नगदी रकम 13,572 रू ठगी कर लेने की रिपोर्ट पर उपरोक्त प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

घटना की सूचना पर आईजी संजीव शुक्ला एवं बिलासपुर एस ए रजनेश सिंह द्वारा मामले में तत्काल कार्रवाई करने व आरोपियों को पकडने हेतु निर्देश दिया गया जिस पर ए.सी.सी.यू.(सायबर सेल) एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी करने एवं जानकारी एकत्र करने शहर में लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगाला गया जिससे संदिग्धो का हुलिया एवं उनके आवागमन के संबंध में महत्वपुर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

सायबर सेल बिलासपुर की टेक्निकल इनपुट से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवगत कराकर आरोपियों की धरपकड हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर ए.सी.सी.यू. (सायबर सेल) व थाना कोतवाली टीम से निरीक्षक अजहरउद्दीन की विशेष टीम आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना की गई जो आरोपियों का पीछा करते हुये राजनांदगांव पहुँचने पर कारधा एवं सकोली पुलिस जिला भण्डारा (महाराष्ट्र) के सहयोग से आरोपियों को घेराबंदी कर पकडा गया ।आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मशरूका सोने चांदी के जेवरात नगदी रकम एवं चार पहिया वाहन बरामद किया गया है सभी आरोपियो से पुछताछ करने पर रायपुर एवं राजनांदगांव में भी चोरी करना स्वीकार किया गया है, जिसके बारे में विस्तृत पुछताछ एवं गिरोह के अन्य सदस्यो के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेन्ज एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा इस प्रकार घटित गंभीर अपराध में शामिल अपराधियों की पहचान कर सनसनीखेज खुलासे में शामिल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण व ए.सी.सी.यू.) अनुज कुमार, अक्षय साबद्रा (भा.पु.से.) नगर पुलिस अधीक्षक सिटी कोतवाली बिलासपुर प्रभारी ए.सी.सी.यू. निरी. राजेश मिश्रा, निरी. अजहरउद्दीन, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक विवेक पाण्डेय सउनि शितला प्रसाद त्रिपाठी प्र.आर. राहुल सिंह, आतिश पारिक आरक्षक अविनाश, निखिल, विरेन्द्र, अभिजीत म.आर. पुष्पा खरे की प्रशंसा करते हुये उन्हे उचित पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

■ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो रायपुर, राजनांदगांव सहित बिलासपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ज्वेलरी दुकानो में हुये चोरी के मामले में पकड़े गये इलाहाबाद के शातिर ''अन्तर्राज्यीय गिरोह आई जी संजीव शुक्ला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में घटना बाद कडी से कड़ी जोड़ते पुलिस पहुची ''अन्तर्राज्यीय ठग/चोर गिरोह'' तक।

■ घटना के बाद से घटना स्थल व आस पास ए.सी.सी.यू. (सायबर सेल) बिलासपुर व थाने की टीम सूचना संकलन में लगे रहे व शहर एवं दीगर जिले के 200 से अधिक सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगालने के बाद की गई संदिग्धो की पहचान।

■ ''अन्तर्राज्यीय ठग/चोर गिरोह'' के 03 महिला व 02 पुरूष सहित कुल 05 सदस्य गिरफ्तार करीब 14 लाख रू के 140 ग्राम सोने के जेवर, 03 कि.ग्रा. चांदी के जेवर, नगदी रकम 94 हजार रू चोरी के लिये उपयोग में लाये मारूती बलेनो कार जुमला किमती करीब 20 लाख रू बरामद पुछताछ के दौरान आरोपियो से हिम्मत लाल ज्वेलर्स बिलासपुर, माँ बंजारी ज्वेलर्स उरला जिला रायपुर एवं लक्ष्मी ज्वेलर्स राजनांदगांव में चोरी करने का हुआ खुलासा।

### ज्वेलरी दूकान में चोरी के दर्ज प्रकरणो की सूची

01. थाना उरला जिला रायपुर अपराध क्रमांक 80/2025 धारा 318 (4), 3(5) बी.एन.एस. घटना दिनाक 28.04.2025 के माँ बंजारी ज्वेलर्स मेन रोड उरला। 02. थाना सिटी कोतवाली जिला राजनांदगांव अपराध क्रमांक 202/2025 धारा 318 (4), 3(5) बी.एन.एस. घटना दिनाक 29.04.2025 के मा लक्ष्मी ज्वेलर्स भारत माता चैंक राजनांदगाव। प्रदेश में हुई चोरी की अन्य घटनाओ के संबंध में आरोपियो से विस्तृत पुछताछ की जा रही है व गिरोह के अन्य सदस्यो के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

### नाम गिरफ्तार आरोपी

1. प्रदीप सोनी पिता विनोद सोनी उम्र 21 वर्ष साकिन सुल्तानपुर, इलाहाबाद
2. मालती सोनी पति कन्हैया लाल उम्र 52 वर्ष साकिन नैनी इलाहाबाद
3. पूनम सोनी पिता भारत लाल सोनी उम्र 36 वर्ष साकिन इलाहाबाद
4. राहुल सोनी उर्फ मनीष पिता भारत लाल उम्र 22 वर्ष साकिन सेक्टर शांति पुरम, इलाहाबाद
5. श्याम सोनी पिता बबलू सोनी उम्र 35 वर्ष साकिन इलाहाबाद

## संपादकीय

### शिकारियों से बचाया जाये वन्य जीवों को

*छत्तीसगढ़ अपनी जैव विविधता के लिये तो जाना जाता है पर वह वन्य जीवों के अवैध शिकार के लिये भी अभिशप्त है। रायपुर के मोवा में वन विभाग ने पुलिस की मदद से दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनसे 4 लाख रुपये मूल्य के चीतल के सींग बरामद किये हैं। मंगलवार की सुबह वे इसे बेचने वाले थे कि उसके पहले पकड़ में आ गये। पिछले दिनों नगरी का एक व्यक्ति पकड़ाया था, जिसके पास से 5 पोटाश बम, भालुओं के 86 नाखून, तीर-धनुष आदि बरामद हुए थे। ऐसे ही, बलौदाबाजार वन मंडल के सोनाखान रेंज के अंतर्गत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था जो बिजली का करेंट फैलाकर जंगली पशुओं का शिकार करते थे। कोंडागांव जिले के ओरछा में स्थित टेमरू गांव के वनों में चार लोगों द्वारा एक बाघ की तीरों से हत्या कर दी गयी। खाल, नाखून, दांत आदि रखकर वे उसका मांस पकाकर खा गये। बीजापुर में भी एक बाघ की हत्या की गयी थी। सीतानदी-उदंती वन परिक्षेत्र में एक हाथी शावक पोटाश बम से बुरी तरह घायल हुआ था। 15 दिनों तक तड़पने के बाद उसकी मौत हो गयी थी।*

*पिछले दिनों सुकमा के केरलापाल गांव का एक वीडियो सामने आया था जिसमें कुछ ग्रामीण एक भालू को निर्दयतापूर्वक मार रहे हैं। भालू के नथूने लहूलुहान दिख रहे थे और उसका जबड़ा और पंजे घायल किये गये थे। इसी तरह से सांपों को भी अक्सर देखते ही मार दिया जाता है। इसमें कोई शक नहीं कि आदिवासी क्षेत्रों में रहने वालों को वन्य प्रणियों का हमेशा खतरा बना रहता है। हाथियों को गड्ढे में गिराकर या उन पर हमले कर उन्हें घायल कर दिया जाता है। कई बार वे मारे भी जाते हैं। कोई तेंदुआ यदि बस्ती में घुस जाये तो लोग उन्हें शांतिपूर्वक निकल जाने देने की बजाय उन पर आक्रमण करते हैं। शिकारी बिजली की करेंट वाली तारें बिछाकर अथवा पोटाश बमों से वनों में रहने वाले पशुओं को घायल करते हैं या उन्हें मार देते हैं।*

*घायल पशुओं को शिकारियों द्वारा आसानी से पकड़ लिया जाता है। मारे गये जानवरों के विभिन्न अंगों को निकालकर उन्हें बेच दिया जाता है। तेंदुओं, बाघों आदि की खाल, दांत और नाखून को तंत्र-मंत्र के काम में लिया जाता है। हिरणों और चीतलों का मांस खाया जाता है और उनकी खालें बेच दी जाती हैं। मयूर को उसके पंखों के लिये मार डाला जाता है।*

*प्रदेश के कई वन्य जीवों की संख्या घट रही है और कुछ प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। समय आ गया है कि हर किसी को उनके संरक्षण के बारे में सोचना और उसके उपाय करने चाहिये। सरकार को चाहिये कि शिकारियों से वन्य जीवन को बचाया जाये तथा दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई करे।*

# ओवरलोड वाहनों से टूटा पुल



### भाजपा नेता चंद्रप्रकाश सूर्या की पहल पर ग्रामीणों को मिली राहत की उम्मीद, कलेक्टर ने दिया शीघ्र निर्माण का भरोसा

बिलासपुर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत गतौरा को जयरामनगर-बिलासपुर से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों जर्जर और जानलेवा बना हुआ है। इस मार्ग पर बना एक पुल पूरी तरह जर्जर हो गया है, जिससे गुजरना हर नागरिक के लिए जोखिम भरा है। क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा और इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रतिनिधि, चंद्रप्रकाश सूर्या ने तत्काल संज्ञान लिया और इसके स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए।

नागरिकों की जान जोखिम में डाल के आवागमन कर रहें नागरिकों के सुरक्षा एवं उनके हितों को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य सभापति स्वास्थ एवं परिवार कल्याण प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या द्वारा एन टी पी सी अधिकारी शैलेश चौहान को क्षतिग्रस्त हुए पुल के बारे में जानकारी देते हुए एन टी पी सी के राखड़ गाड़ियों के ओवर लोड भर्ती के कारण ग्रामीणों तथा यात्रियों की समस्या से अवगत कराया एवं शीघ्र अतिशीघ्र क्षतिग्रस्त पुल ने निर्माण की मांग को लेकर श्री सूर्या ने बिलासपुर कलेक्टर से बात की। जिसपर कलेक्टर ने जल्द ही पुल का निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। चंद्रप्रकाश सूर्या की सक्रिय पहल और कलेक्टर से सकारात्मक चर्चा के बाद, अब ग्रामीणों को शीघ्र ही इस जर्जर पुल के नव निर्माण की उम्मीद बंधी है।

## सार-संक्षेप

### मौत के बाद प्लेटफार्म पर पड़ी रही मजदूर की लाश

**बिलासपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर एक मजदूर की मौत और उसके बाद दो घंटे तक प्लेटफॉर्म पर पड़ी रही उसकी लाश। आजाद हिंद सुपरफास्ट जैसे ही बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुँची, कोच से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान नारायण लेट के रूप में हुई, जो पुणे से अपने घर मालदा (पश्चिम बंगाल) लौट रहे थे। यात्रा के दौरान बाथरूम से लौटते समय नारायण लेट की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह वहीं गिर पड़े। शव को तो नीचे उतार लिया गया, पर उसे न तो तत्काल अस्पताल ले जाया गया और न ही कोई प्राथमिक चिकित्सकीय जांच कराई गई। करीब दो घंटे तक शव प्लेटफॉर्म पर यूँ ही पड़ा रहा, इस दौरान तीन ट्रेनें वहां से होकर गुजर गईं। शव को देखकर यात्री सहम गए और कई ने प्रशासन की बेरुखी पर नाराजगी जताई।

### मंडल रेल परिवार के सेवानिवृत्त 23 सदस्यों को दी गई भावभीनी विदाई




**बिलासपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् 23 रेल परिवार के सदस्य माह अप्रैल 2025 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे समस्त कर्मचारियों को ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई । इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रुहीना तुफैल खान द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी व कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त हो रहे 23 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 03, इंजीनियरिंग विभाग से 09, विद्युत विभाग से 04, मेडिकल विभाग से 02, सिग्नल व दूरसंचार से 02 तथा वाणिज्य विभाग से 03 कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी गौरवशाली रेल सेवा के लिए बधाई दी तथा तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की गई।

# सुशासन तिहारः निराकरण की जानकारी देने ग्रामीण क्षेत्र में लगेंगे 42 समाधान शिविर

### कलेक्टर ने शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने दिए निर्देश

**बिलासपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की आम जनता को जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 42 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर 5 मई से लेकर 31 मई तक चिन्हित गांवों की स्कूलों में लगाए जाएंगे। प्रत्येक 10 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य प्रमुख गांव का चयन शिविर आयोजन के लिए किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और तहसीलदारों को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविर में आमंत्रित करने भी कहा है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में लगभग 2 लाख आवेदन मिले हैं। इनका तेजी से निराकरण संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। निराकरण की जानकारी आम जनता को इन शिविरों में उपलब्ध कराई जायेगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप अग्रवाल ने बताया कि बिल्हा विकासखण्ड में इस दौरान 11 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इनमें 5 मई को बरतोरी, 7 मई को भाड़ी, 9 मई को लिमतरी, 13 मई को झल्फा, 17 मई को कडरी, 20 मई को धमनी, 22 मई को मदनपुर, 24 मई को पौंसरी, 27 मई को सेंदरी, 29 मई को दगौरी और 31 मई को बेलतरा में शिविर लगेंगे। मस्तुरी विकासखण्ड में 5 मई को जयरामनगर, 7 मई को खम्हरिया, 9 मई को परसावेद, 13 मई को धनियां, 17 मई को ओखर, 20 मई को जोंधरा, 22 मई को पचपेड़ी, 24 मई को कौडिया, 27 मई को सोन, 29 मई को बकरकुदा और 31 मई को भरारी में समाधान शिविर आयोजित होंगे।

इसी प्रकार तखतपुर विकासखण्ड में 6 मई को बांधा, 8 मई को बेलपान, 10 मई को बीजा, 14 मई को जरौंधा, 16 मई को गिरधौना, 19 मई को बहतराई, 21 मई को नेवरा, 26 मई को लोखण्डी, 28 मई को भरनी एवं 30 मई को छतौना में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। कोटा विकासखण्ड में 6 मई को धूमा, 8 मई को अमने, 10 मई को शिवतराई, 14 मई को नवागांव सल्का, 16 मई को करवा, 19 मई को आमागोहन, 21 मई को मझगवां, 26 मई को चपोरा, 28 मई को मेलनाडीह और 30 मई को कलमीटार में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# बिलासा देवी एयरपोर्ट में 70 यात्रियों से भरा एयरक्राफ्ट हाइजैक; दो हाईजेकर दबोचे गए

### एयरपोर्ट में एंटी हाईजैक मॉक ड्रिल हुआ

**बिलासपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट पर आज सफलतापूर्वक एंटी हाईजैक मॉक ड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। यह ड्रिल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन के गाइडलाइंस के अनुसार साल में एक बार किया जाता है। एयरक्राफ्ट हाईजैक की सूचना मिलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के द्वारा तत्काल एयरोड्रोम कमिटी चेयरमैन जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को फोन पर सूचित किया गया।

इसके पश्चात एयरोड्रोम कमिटी के सारे अधिकारी एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी, एयरपोर्ट के डायरेक्टर, सीएसओ, कासो,




एयरलाइंस स्टेशन मैनेजर, भाषा विज्ञानी एवं स्थानीय थाने के अधिकारी एंटी हाईजैक रूम एकत्रित हुए। एयरक्राफ्ट के अन्दर कुल 70 यात्री सवार थे। हाईजेकर से उनकी मांगों का समझौता अधिकारियों के द्वारा किया गया इसी बीच एयरपोर्ट की क्यूआरटी टीम के द्वारा 02 हाईजेकर में से 01 हाईजेकर ढेर कर दिया गया एवं बचे हुए 01 हाईजेकर को दबोच लिया गया। इस पूरी ड्रिल को जिला दंडाधिकारी के मिनिट टू मिनिट निगरानी में संपन्न किया गया। इस ड्रील में एयरपोर्ट पर वास्तविक रूप से आतंकवादियो के द्वारा विमान की अपहरण की घटना की स्थिति से निपटने एवम यात्रियों को सुरक्षित कैसे निकाला जाता है उसका उसका अभ्यास किया जाता है.।

# दो अलग-अलग स्थानों में लूट करने वाले दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दो महिलाओं से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से लुट का सामान और नकदी बरामद किया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से है कि आरोपीगण दिनॉक 27.04.2025 को 03.30 बजे कुदुदंण्ड में मोबाईल से बात करते राहगीर सुष्मिता जा रही थी तभी आरोपियो ने महिला के मोबाईल फोन को लूट लिया और भाग गये।

उसी दिवस को करीबन 06.30 बजे महाराणा प्रताप चैक के पास राहगीर प्रार्थीया शकुंतला यादव से लेडीस बैग में रखे मोबाईल फोन, कॉन की टाप्स नगद रकम लूट कर भाग गये थे ।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में आरोपियों की धर पकड हेतु पुलिस टीम बनाकर घटना स्थल के आसपास के स्थानों से सीसीटीव्ही फूटेज प्राप्त कर आरोपियों को पकडा गया जो जुर्म स्वीकार किये से लूटी गई सामान व नगदी रकम तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल व स्कूटी बरामद किया गया । आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांण्ड पर भेजा गया।

## सार-संक्षेप

### डूंगर सिंह ने नवोदय विद्यालय का दौरा किया



**कोरबा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छग बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार और सूबेदार मेजर डूंगर सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय का दौरा किया किया। उन्होंने विद्यालय आकर प्राचार्य राजू दुबे से मिलकर विद्यालय में चलने वाले एनसीसी क्रियाकलापों के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने एनसीसी कैडेट से मिलकर उनसे एनसीसी गतिविधियों से संबंधित फीडबैक भी प्राप्त किया। कर्नल सेंथिल कुमार ने विद्यालय के एनसीसी गतिविधियों से संतुष्टि जताई और भविष्य में बच्चों को एनसीसी के माध्यम से भारतीय सेना भर्ती हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय एनसीसी अधिकारी थर्ड ऑफिसर रितेश भोसले ने विद्यालय के एनसीसी कैडेट की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### मिशो का स्वास्थ्य शिविर आज

**कोरबा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन और अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सहयोग से एक विशाल स्वास्थ्य जागरूकता और हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 1 मई गुरुवार को दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक जैन भवन, पुराना बस स्टैंड, कोरबा में होगा। अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर ने पहले भी इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए हैं, जिनमें लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई हैं। यह आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता और नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श दिया जाएगा। शिविर में ख्यातिलब्ध चिकित्सकों की उपस्थिति रहेगी।

### हादसे में एक युवक की मौत, पहचान करने में जुटी पुलिस

**कोरबा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार देर रात सर्वमंगला पुल के पास एक दर्दनाक हादसे में 30-35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। मृतक का शव जिला अस्पताल की मरचूरी में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार सर्वमंगला पुल के पास युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से भाग निकला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक की मोटरसाइकिल का नंबर सीजी-12बीएम-4250 दर्ज किया गया है। पुलिस वाहन मालिक व मृतक की पहचान करने में जुटी है।

### 14 टन कबाड़ और ट्रक जप्त




**कोरबा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पुलिस ने थाना कुसमुंडा सर्वमंगला चौकी अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए वाहन टाटा अल्ट्रा ट्रक को कबाड़ से लदा जप्त किया हैं। इस वाहन का चालक के द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वाहन की तलाशी के दौरान 14 टन वजन लोहे की कटी हुई चादरें तथा 130 नग लोहे की चादर के प्लेट बरामद किए गए। उक्त संपत्ति पर धारा 106 बीएनएस के तहत जब्ती कार्यवाही की गयी हैं, वैधानिक कार्यवाही के लिए पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

### रूबी को बनाया संकल्प महिला मंडल का अध्यक्ष



**कोरबा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में संकल्प महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चालू सत्र (2025-26) में अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव मनोनीत की गई हैं। उपाध्यक्ष प्रियंका पाटले, अभिलाषा गुप्ता, मिनती स्वेन, मनीषा पांडे, कविता पंड्या और अनुराधा राव बनाई गईं। सचिव-संगीता कोरम, सहसचिव-माधुरी जायसवाल व मंजूषा बरडिया, कोषाध्यक्ष हर्षिता श्रीवास्तव, क्रीड़ा सचिव-दिव्या देवांगन व कविता पटेल, सांस्कृतिक सचिव-स्वाति जैन व दीक्षा गुप्ता बनाई गई हैं। संकल्प महिला मंडल की सदस्याओं ने नई कार्यकारिणी समिति को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। नई कार्यकारिणी समिति ने भी महिला मंडल को ऊंचाइयों पर पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व कार्यकारिणी को उनके कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह दिए गए।

### श्रम मंत्री ने किया मनीराम का सम्मान

**कोरबा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। गीतांजलि भवन में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान समारोह में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, विधायक प्रेमचंद पटेल ने अनुसूचित जाति और जनजाति के प्रमुख जनों का शाल, श्रीफल के साथ सम्मान कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े को शाल श्रीफल व पुष्प माला पहनकर सम्मानित किया गया। समाज के हर एक कार्यक्रम में बढ-चढ़कर हिस्सा लेने पर उक्त सम्मान जांगड़े को प्रदान किया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, पूर्व महापौर जोगेश लांबा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मजदूर दिवस पर ट्रेड यूनियन करेगा फल वितरण



**कोरबा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के नेतृत्व में 1 मई अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर 30वां वर्ष फल वितरण कार्यक्रम आयोजित है। एमपी नगर कार्यालय से प्रात: 9.30 बजे रैली के साथ प्रस्थान कर जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में फल वितरण किया जाएगा। इसके बाद मां सर्वमंगला देवी प्रांगण में स्थित वृद्ध आश्रम, मुड़ापार कुष्ठ आश्रम एवं अपना घर आश्रम एमपी नगर में फल वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद और युवा मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन होंगे। विशिष्ट अतिथियों में मेडिकल कॉलेज के एमडी डॉ. कमल किशोर सहारे, अस्सिटेंट सुपरीटेंडेंट डॉ. रविकांत जटवार, डॉ. दिव्य आदि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूआर महिलांगे व प्यारेलाल चौधरी करेंगे।

# सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने निगम का एनटीपीसी के साथ एमओयू

### 11 बड़े नालों का दूषित पानी हसदेव में, इसलिए बनाई योजना




**कोरबा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ का प्रथम सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कोरबा जिले में बनेगा। इसकी क्षमता 20 एमएलडी की होगी। ऐसा प्लांट बनाने वाला कोरबा 12वां शहर होगा। नगर निगम और एनटीपीसी मिलकर इस काम को करेंगे। इसके लिए इनके बीच एमओयू साइन हुआ है।

नगर निगम के सभाकक्ष में इस योजना के मसौदे पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, मेयर संजूदेवी राजपूत और एनटीपीसी के जीएम राजीव खन्ना ने हस्ताक्षर किए। बताया गया कि कोरबा शहर में 11 ऐसे बड़े नाले हैं, जिनके माध्यम से सम्पूर्ण कोरबा शहर से उत्सर्जित होने वाले दूषित जल की निकासी होती है, यह दूषित जल इन नालो से होकर सीधे हसदेव नदी में समाहित होता हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के दिशा निर्देशों के अनुरूप हसदेव नदी के जल को दूषित होने से रोकने तथा इन 11 बड़े नालों से उत्सर्जित दूषित जल का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट की आवश्यकता को देखते हुए, नगर पालिक निगम कोरबा ने प्लांट निर्माण की दिशा में ठोस कार्यवाही की। कहा जा रहा है कि जल्द ही 20 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अब मूर्त रूप लेगा तथा हमारा कोरबा शहर इस क्षेत्र में देश के 12 शहरों में शामिल हो जाएगा। एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना ने बताया कि एसटीपी निर्माण से एक ओर जहां जीवनदायिनी हसदेव नदी के जल को दूषित होने से रोका जा सकेगा। वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन उत्सर्जित करोड़ों लीटर दूषित जल का पुन: उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण हेतु सम्पूर्ण राशि एनटीपीसी कोरबा के द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, राहुल मिश्रा, रमेश सूर्यवंशी, प्रमोद जागत, तकनीकी सलाहकार नितिन पुरानिक एवं एनटीपीसी के शशि शेखर, मनोज कुमार रजक, शैलेन्द्र कुमार यादव, जीवाराज जाट, शंशांक के साथ ही अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कुकरीचोली में कोटवारी भूमि हुई शासन के पक्ष में

**कोरबा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कुकरीचोली में 0.562 एकड़ जमीन को प्रशासन ने कोटवारी हिस्से से हटाकर सरकार के पक्ष में दर्ज कर दिया है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि कोटवारी सेवा की जमीन को दूसरे के नाम पर अंतरण किया जा रहा था। भैंसमा तहसीलदार के.के.लहरे ने कोरबा अनुभाग अंतर्गत ग्राम कुकरीचोली के कोटवारी भूमि को अन्य के नाम पर दर्ज/विक्रय करने के मामले में कार्यवाही करते हुए कोटवारी भूमि के अन्तरण को अपास्त कर दिया है। ग्राम कुकरीचोली में अनिता कौशिक वगैरह, खसरा नंबर 377/1 में से, रकबा 0.045 हेक्टेयर, मंजू जायसवाल वगैरह खसरा नंबर 377/1 में से, रकबा 0.040 हेक्टेयर, कनिका चक्रवर्ती, वगैरह, खसरा नंबर 377/1 में से, रकबा 0.012 हेक्टेयर, डॉ केसी देवनाथ वगैरह खसरा नंबर 377/1 में से, रकबा 0.158 हेक्टेयर, डॉ केसी देवनाथ वगैरह खसरा नंबर 376 में से, रकबा 0.215 हेक्टेयर, डॉ केसी देवनाथ वगैरह खसरा नंबर 377/1 में से, रकबा 0.101 हेक्टेयर, डॉ केसी देवनाथ वगैरह खसरा नंबर 377/1 में से, रकबा 0.081 हेक्टेयर, कोटवारी भूमि का अन्तरण को अपास्त करते हुए शासन के रिकार्ड में दर्ज किए है। जिले में भैंसमा तहसील अंतर्गत 16, कटघोरा 8, दीपका 8, हरदीबाजार 7, बरपाली 10, पोड़ी उपरोड़ा 2, कोरबा 2, दर्री 6, पाली 4, प्रकरण है। जिसमें सिंगल ट्रांजेक्शन हुए हैं।

## जमीन ले ली लेकिन 10 प्रभावितों को नहीं दिया मुआवजा

### सत्यापन की कमी से परेशानी, फिर आई उलझनें



**कोरबा-छुरीकला,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सीएसईबी के राखड़ बांध के लिए अर्जित जमीन के मामले में 10 किसानों का मुआवजा अब तक फायनल नहीं हो सका है। सत्यापन की कमी की बात इसमें कही जा रही है। खास बात यह है कि इनकी जमीन 40 साल पहले ली गई थी। प्रबंधन के रवैय्ये से किसान नाराज है।

कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत छुरीकला नगर के समीप ग्राम लोतलोता और पुरैनाखार में सीएसईबी द्वारा राखड बांध बनाने हेतु 30 से 40 किसानों को उचित मुआवजा दे कर भूमि अधिग्रहण किया गया। मुआवजा राशि भुगतान मामले की जनसुनवाई 30 अप्रैल को ग्राम लोतलोता ग्राम पंचायत भवन में ग्राम सरंपच श्रीमती रामेश्वरी मझंवार, श्रीमती शारदा लता यादव जनपद सदस्य, संजय कुमार जात्रा अध्यक्ष सहायक प्राध्यापक एके गुरुकुल कॉलेज ढेलवाडीह, पूर्व पुनव्यवस्थापन विशेषज्ञ ए केरकेट्टा सेवानिवृत्त तहसीलदार, परियोजना तकनीकी विशेषज्ञ मानसिंह कंवर उप अभियंता लोक निर्माण कटघोरा, चंचल ध्रुव सीएसईबी कार्यपालन अभियंता, विक्रांत तंवर और हल्का पटवारी परमेश्वरी कंवर, ग्राम सचिव श्रीमती सरस्वती महंत एवं भू विस्थापित ग्रामीणों की उपस्थिति में जन सुनवाई की गई। जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि ग्राम लोतलोता में सन 1985-86 में सीएसईबी द्वारा राखड बांध बनाने हेतु 30-40 किसानों के उपजाऊ भूमि को उचित मुआवजा एवं भू अर्जन किसानों को सीएसईबी द्वारा सारी सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दे कर अधिग्रहण किया गया था परंतु 10 किसानों के भूमि भू अर्जन करने के बाद भी मुआवजा देने से बचा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा 10 किसानों मे से 3 किसान बिराखन पिता तीज राम, महेत्तर दास पिता अनिदास, रामरतन पिता बिकूल राम से की गई भू अर्जन की जन सुनवाई की गई तथा 7 किसानों के किये गये भू अर्जन भूमि को निरीक्षण कर भूमि सत्यापन कर फिर से जनसुनवाई किये जाने की बात कही गई। जन सुनवाई के दौरान किसान सीएसईबी द्वारा मुआवजा भुगतान में किये जा रहे लापरवाही व विलंब पर प्रबंधन के खिलाफ आक्रोशित नजर आये।

## जमीन का बंटवारा नहीं हुआ तो पुत्र ने बड़ी मां को मार डाला

**कोरबा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। करतला थाना क्षेत्र के खूंटाकूड़ा बेलभाटा गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर युवक ने अपनी बड़ी मां की जान ले ली। लाठी से हमला कर यह घटना को अंजाम दिया गया। घायल की मौके पर ही मौत हो गई। करतला पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

करतला थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि घटना का मूल कारण जमीन बंटवारे को लेकर लंबे समय से चला आ रहा पारिवारिक विवाद था। मृतका जानकुंवर के पति इतवार सिंह सहित पांच भाइयों के पास कुल 3 एकड़ 59 डिसमिल जमीन है। इस जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार में तनाव बना हुआ था। बंटवारा जल्द से जल्द करने की मांग बार-बार उठ रही थी, लेकिन मामला अटका हुआ था। मंगलवार को एक बार फिर जमीन बंटवारे का मुद्दा गरमाया और परिवार में तीखी बहस शुरू हो गई। इसी दौरान जानकुंवर ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। गुस्से में आकर प्रेम सिंह ने लाठी से उनकी सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। हमले में जानकुंवर मौके पर ही गिर पड़ीं और उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को मिली। करतला पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आरोपी प्रेम सिंह को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा सके।

## अरसे से फरार 126 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



**कोरबा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। तीन दिनों के भीतर 107 गिरफ्तारी वारंट और 19 स्थायी वारंट सहित कुल 126 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी क्षेत्रों में अभियान के तहत यह कार्यवाही की। बताया गया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी लंबे समय से फरार थे।

इसके तहत जिले के विभिन्न थानों और चौकियों में पिछले तीन दिनों में 126 वारंट तामील किए गए। इनमें 19 स्थायी वारंट और 107 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अलग-अलग न्यायालयों में पेश किया गया। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। यह अभियान जिले के उरगा, कोतवाली, बालको, पाली, दर्री, करतला, हरदी बाजार, कुसमुंडा, दीपका, बांकीमोंगरा, सिविल लाइन रामपुर, कटघोरा, और बांगो थानों के साथ-साथ कोरबी, जटगा, मोरगा, मानिकपुर, और सीएसईबी पुलिस चौकियों में चलाया गया। सभी थानों और चौकियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए सक्रियता दिखाई। इस मामले में टीम को पुरस्कार देने की घोषणा एसपी ने की है।

## पांचवीं व आठवी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी

**कोरबा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा पांचवीं एवं आठवी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले में पांचवी कक्षा में दर्ज बच्चों की कुल संख्या 19,373 है। परीक्षा में सम्मिलित बच्चों की कुल संख्या 19,065 एवं उत्तीर्ण बच्चों की कुल संख्या 18518 है।

पांचवी के विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.13 रहा। इसी प्रकार आठवीं कक्षा में दर्ज बच्चों की कुल संख्या 18990 है। परीक्षा में सम्मिलित बच्चों की कुल संख्या 17998 एवं उत्तीर्ण बच्चों की कुल संख्या 16821 है। आठवीं के विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.46 रहा।

## अविवादित नामांतरण के मामलों में तेजी लाई जाए

### राजस्व विभाग की बैठक में कहा कलेक्टर ने

**कोरबा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में राजस्व विभाग के कार्यों को पारदर्शी बनाने के साथ पेंडेंसी कम करने पर कलेक्टर का जोर है। तहसीलदारों को कहा गया है कि वे अपने क्षेत्र में अविवादित नामांतरण बटांकन नामांकन के प्रकरणों में प्रगति लाए और नक्शा बटांकन त्रुटि सुधार कार्यों को निपटाए। उन्होंने कृषकों के पंजीयन कार्य की तहसीलवार समीक्षा करते हुए अजगरबहार तहसील में प्रगति नहीं दिखने पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि वे सात दिवस के भीतर कृषक पंजीयन के कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें अन्यथा वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि किसी प्रकरण में आदेश जारी करने के बाद उसे लागू कराना भी आपकी जिम्मेदारी है ताकि कोई पीड़ित आदेश के बाद भी किसी के पास चक्कर न काटे।



राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि कोटवारी भूमि का ट्रांजेक्शन अवैध है औह्यह्यह्यहार उसका नामान्तरण भी अवैध है। उन्होंने सिंगल ट्रांजेक्शन वाले ऐसे प्रकरणों की जांच करने और रिकार्ड नहीं मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गलत प्रविष्टि और त्रुटि सुधार के लंबित 234 प्रकरणों को 10 दिवस के भीतर सुधार करके हटाएं। नक्शा बटांकन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र अंतर्गत बनाये जाने वाले आयएजातिए निवास प्रमाणपत्र को समय सीमा के भीतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेटरों को समय पर सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ अपलोड करने और उन्हें इस बाबत प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए ताकि किसी के आवेदन को वापस न लौटाया जा सकें। बैठक में अपर कलेक्टर मनोज कुमार एसडीएम प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख अधीक्षक भू अभिलेख सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित

## बिना काम के किया भुगतान, ऐसे सभी पंचायतों में होगी वसूली

**कोरबा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा शासन से राशि प्राप्त कर कार्य नहीं कराने वाले सरपंच एवं सचिव के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उनसे राशि की वसूली के निर्देश सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को दिए गए हैं। इसी कड़ी में 15 वें वित्त की राशि एवं मूलभूत की राशि में वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा द्वारा 9 जनवरी 2025 को आदेश पारित कर ग्राम पंचायत रजगामार, जनपद पंचायत कोरबा के सरपंच श्रीमती रमूला राठिया पति सुखराम राठिया को सरपंच पद से पृथक करने के साथ पंचायती राज अधिनियम अंतर्गत निर्वाचन के लिये छह वर्ष के लिए निरर्हित कर दिया गया था।

पूर्व में ग्राम पंचायत रजगामार, जनपद पंचायत कोरबा के सरंपच श्रीमती रमूला राठिया पति सुखराम राठिया एवं सचिव ईश्वर धिरहे के संबंध में व्यापक भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त हुई थी। प्राप्त शिकायत की जाँच प्रतिवेदन अनुसार कुल 83,94, 940 रूपये का कार्य होना पाया गया, अपितु इस कार्य हेतु किसी प्रकार की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति नहीं लिया गया एवं कैशबुक व बिल व्हाउचर का संधारण नहीं किया गया। इन 83,94,940 रूपये के कार्य को छोड़कर शेष 72,05,139 रूपये की वसूली हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में ग्राम पंचायत रजगामार में 15वें वित्त योजना अंतर्गत की गई वित्तीय अनियमितता के कारण सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत रजगामार से राशि 7205139 की वसूली की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। जिसमें से उक्त राशि का समान हिस्सा में राशि सरपंच/सचिव से किया जाना है।

## ट्रायल पर निकला ड्रायवर, आगजनी में स्वाहा हुई जीप



**कोरबा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दर्री क्षेत्र में एक जीप में अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में वह स्वाहा हो गई। इसे एक प्रशिक्षु ट्रायल पर लेकर निकला था। आग लगने पर उसने खुद को बचाया। घटना क्यों हुई इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी।

बुधवार शाम सवा छह बजे की यह घटना दर्री बराज के पास मेजर ध्यानचंद चौक की है। बताया जा रहा है कि कंपनी की जीप लेकर ड्राइवर ट्रायल पर था और प्लांट की ओर लौट रहा था। तभी उसने देखा कि बोनट से धुआं उठ रहा है। उसने बोनट खोलने की कोशिश की पर वह खुला ही नहीं और फिर आग की लपटों से पूरी जीप घिर गई। कुछ लोगों ने उपकरण से आग बुझाने का प्रयास किया पर कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेट को कॉल किया गया। करीब 20 मिनट बाद दमकल पहुंची और आग पर काबू पाया।

## राठिया ने यादव समाज के भवन का भूमिपूजन किया विधायक



**कोरबा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत करतला में यदुवंशी झेरिया यादव समाज का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया शामिल हुए। विधायक श्री राठिया ने कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में यादव समाज के लिए सामुदायिक भवन की घोषणा किया गया था। जिसका विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र राठिया, यादव समाज अध्यक्ष श्रवण यादव, गजेंद्र यादव, संख लाल यादव, शेखर यादव, रामदयाल यादव, धनसाय यादव, देवनारायण, अर्जुन यादव, रोहित यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र राय, उपसरपंच अंकित राय उपस्थित रहे।

## ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की प्रतीक्षा सूची जारी

कोरबा, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात दावा आपत्ति निराकरण सूची, अंतिम मेरिट सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा किया गया है साथ ही जिले के वेबसाइट में सर्व संबंधितों के अवलोकना हेतु अपलोड़ कर किया गया है।

## सार-संक्षेप

### जिला कोरिया में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, चार वाहन जप्त



**कोरिया,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निरीक्षण के दौरान चार वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

खनिज अधिकारी भूषण कुमार पटेल और उनकी टीम द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 15 ईएफ 0624 (हाईवा) को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए चालक उचित कुमार मालिक राजेश्वर यादव, सीजी 15 एसी 5624 (हाईवा) के वाहन चालक मनोज प्रजापति वाहन मालिक मुनेश्वर यादव, सीजी 15 ईसी 5118 (हाईवा) के वाहन चालक रामरूप वाहन मालिक श्री उमाशंकर व सीजी 15 ईई 8600 (हाईवा) के वाहन चालक शिवपूजन राम वाहन मालिक मुनेश्वर यादव को अवैध रेती परिवहन कर रहे थे। चारों वाहनों को मौके पर जप्त कर समीपस्थ थाना पटना में अभिरक्षा में रखा गया। खनिज विभाग ने छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 और खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के नियम 21 से 23 (ख) के तहत अर्थदण्ड की राशि खनिज मद में जमा कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अवैध खनन की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें। जिला प्रशासन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और कानून के पालन के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की कार्रवाई से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाएगा।

### श्रवण कुमार की परंपरा अपनाकर सरकार बुजुर्गों को करा रही तीर्थयात्रा- वित्त मंत्री



**रायगढ़,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आज भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 800 तीर्थ यात्रियों को लेकर रायगढ़ स्टेशन से रवाना हुई। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार श्रवण कुमार की परंपरा को अपनाकर प्रदेश के बड़े बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करा रही है।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खास है। क्योंकि हमारे रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ अंचल के तीर्थ यात्री मथुरा एवं वृंदावन की तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं। हम सभी के परिवार के वृद्ध जनों की प्रबल इच्छा होती है कि वे अपने जीवन में तीर्थ यात्रा पर जाए। लेकिन कई बार आर्थिक एवं व्यवस्थागत समस्याएं सामने आती है। जिसके चलते बड़े बुजुर्गों के तीर्थ यात्रा का सपना पूरा नहीं हो पाता। इसे ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को पुनः प्रारंभ किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उनके अगुवाई में हमारी सरकार श्रवण कुमार के आदर्शों को अपनाकर वृद्ध जनों को तीर्थ यात्रा करवा रही है। तीर्थ यात्रा का यह क्रम निरंतर रूप से जारी रहेगा। इस अवसर पर सांसद लोकसभा श्री राधेश्याम राठिया ने मुख्यमंत्री साय एवं वित्त मंत्री चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके प्रयासों से राज्य के वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा में जाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। जिससे उनका भी जीवन सार्थक हो रहा है। उन्होंने सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को पुनर्प्रारंभ किया गया है। योजना अंतर्गत पूर्व में वरिष्ठ नागरिक तथा दिव्यांगजन शामिल थे, लेकिन वर्तमान में योजना अंतर्गत विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, जिला पंचायत सभापति बृजेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, लक्ष्मी पटेल, जनपद अध्यक्ष रायगढ़ सुजाता चौहान, श्री सुरेश गोयल, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, अरूणधर दीवान, श्रीकांत सोमावार,सुभाष पांडे, मुकेश जैन, अशोक यादव, पवन शर्मा, बलबीर शर्मा, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम प्रवीण तिवारी, एडिशनल सीईओ महेश पटेल, उपसंचालक समाज कल्याण रायगढ़ शिव शंकर पाण्डेय व जशपुर श्री टी.पी.भावे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

### 800 यात्रियों को लेकर भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन तीर्थ यात्रा के लिए हुई रवाना

रायगढ़ रेलवे स्टेशन से आज भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ के कुल 800 यात्रियों को लेकर मथुरा, कृष्ण जन्मभूमि एवं वृंदावन के लिए रवाना हुआ। जिसमें रायगढ़ जिले से कुल 273 तीर्थ यात्री शामिल है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 205 एवं शहरी क्षेत्र से 68 तीर्थ यात्री शामिल है। इसी तरह जशपुर से 391 तथा सारंगढ़ से 116 इस तरह कुल 750 तीर्थ यात्री तथा तीनों जिलों के 20 अनुरक्षक मिलाकर कुल 800 यात्री शामिल है। जो 01 मई को मथुरा, दोपहर को वृंदावन तथा 2 मई को कृष्ण जन्मभूमि का दर्शन कर 3 मई को रायगढ़ वापसी करेंगे।

### पारंपरिक गाजे बाजे के साथ हुआ तीर्थ यात्रियों का स्वागत, फूलों से सजाई गई ट्रेन, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

मथुरा वृंदावन की तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का रायगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पारंपरिक गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। उन्हें लेकर जा रही भारत टूरिस्ट ट्रेन को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं में भी इस सफर को लेकर उत्साह नजर आया। पूरी ट्रेन एयर कंडीशंड है। तीर्थ यात्रियों की सहूलियत के लिए ट्रेन में रेलवे स्टाफ के साथ ही 7 विभागीय स्टाफ भी रवाना हुए। इनमें डॉक्टर भी शामिल है।

### जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन की बैठक आज

**अम्बिकापुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बालक-बालिकाओं का जिला मुख्यालय में 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। खेल प्रशिक्षण शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले में संचालित समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, व्यायाम अनुदेशकों एवं जिले के समस्त खेल प्रेमियों को बैठक में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है। बैठक एनेक्स भवन के कलेक्टोरेट सभा कक्ष में 01 मई दिन गुरुवार को प्रात: 11:00 बजे बैठक आहूत किया गया है।

# श्याम बाबा दुखी - भक्तों के नहीं मिलने से



रायगढ़ 30 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ का श्याम मंदिर अपनी भव्यता सुंदरता और अंचल में बाबा की भक्ति के लिए भक्तों का एक बड़ा आस्था का केंद्रहै परंतु विगत कुछ दिनों से यह अब राजनीतिक अखाड़ा बन गया है महज एक वोट से अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर श्याम मंडल अध्यक्ष बनने वाले नवनियुक्त अध्यक्ष ने बिना किसी सार्वजनिक आम सूचना एवं आम सभा की बैठक एवं सहमति लिए बिना पिछले एक माह से भक्तों के लिए दर्शन बंद कर दिए है प्रतिदिन बाबा की दर्शन की आस लिए भक्त दरबार में जाते हैं और बैरंग ही वापस लौट जाते है किसी भी पूर्व स्थापित मंदिर में अगर प्राण प्रतिष्ठा कर दी जाती है तो फिर उसे वहां से नहीं हटाया जाता है परंतु श्याम मंदिर परिसर में बाबा को अन्यत्र गुप्त स्थान में स्थानांतरित कर एवं बाबा की बागा को तोड़कर नव निर्माण करने की एक नई कार्य प्रणाली का आगाज नियुक्त अध्यक्ष ने कर दिया है पूर्व में 69 लोगों की श्याम मंडल मंदिर व्यवस्था समिति ने निर्वाचित करके इस स्वयंभू समाजसेवी अध्यक्ष को पदभार दिया था आज वर्तमान में 125 सदस्यों की यह श्याम मंडल समिति बना दी गई है जिसमें न जाने यह 56 सदस्य कहां से आ गए क्या यह बाबा के सेवक हैं क्या पूर्व में इन्होंने बाबा की सेवा की है इन्हें किस आधार पर मंदिर व्यवस्था समिति में रखा गया है यह भी एक यक्ष प्रश्न है जबकि पूर्व में श्याम मंडल के बाय लार्ज में या लिखा गया है कि प्रत्येक श्याम मंडल के सदस्य का 3 वर्ष की सेवा देना मंदिर में अनिवार्य है पूर्व स्थापित परंपराओं और मर्यादाओं के हिसाब से किसी भी श्याम मंदिर में मंड को तोड़कर बाबा का शीश कभी भी नहीं हटाया जाता है खुद खाटू श्याम परिसर में भी 9 निर्माण का कार्य किया गया परंतु इस प्रकार मंड (बागा )को तोड़कर कभी भी शीश को नहीं हटाया गया है क्या इन्होंने मंदिर परिसर में इस प्रकार का कार्य करके शास्त्रों के अनुकूल कार्य किया है क्या यह घोर पाप की श्रेणी में नहीं आता है पूर्व में कोरबा जिले में भी नव नियुक्त अध्यक्ष की मनमानी पर हाई कोर्ट ने अपनी लगाम कसी थी क्या रायगढ़ भी इस दौर से गुजरने की अपनी तैयारी कर रहा है।

### भक्तों के नहीं मिल पाने से बाबा के बह रहे आंशु

नियमित बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों और बाबा के सेवकों में भारी ही निराशा व्याप्त है क्योंकि उनके लाडले बाबा के दर्शन उन्हें पिछले एक माह से नहीं हो पा रहे जिस प्रकार सिखों का गुरुद्वारा अपने लंगर और दीन दुखियों और भक्तों की सेवा के लिए विख्यात होता है उसी प्रकार श्याम मंदिर का परिसर भी अपना एक विशेष महत्व रखता है या यूं कहें कि जिस प्रकार सिखों के लिए गुरुद्वारा का महत्व होता है उसी प्रकार सनातनी हिंदुओं के लिए श्याम मंदिर परिसर हिन्दुओं के गुरुद्वारे से कम नहीं है। इस संबंध में हमने पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल से बात की उन्होंने बताया कि इस संबंध में जो भी निर्णयलिया गया है वह 15 लोगों की कमेटी ही निर्धारित करती है आप अध्यक्ष से इसकी जानकारी ले सकते हैं अर्थात यह 15 लोग ही निर्धारित करते हैं कि श्याम बाबा के दर्शन भक्तों को कब होंगे कब नहीं

### सुनील अग्रवाल वकील सचिव श्याम मंदिर कमेटी रायगढ़

बताया कि पिछले 1 माह से मंदिर भक्तों के लिए बंद कर दिया गया है कमेटी ने निर्णय करके इसके जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ करवाया हुआ है अगर आपको किसी प्रकार की जानकारी चाहिए तो आप सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बाबा के दर्शनों के संबंध में जब हमने वर्तमान श्याम मंडल के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल से संपर्क किया तो उन्होंने बड़े ही रुक अंदाज में बताया कि अभी बाबा के दर्शन नहीं हो सकते हैं बिना किसी पूर्व सूचना के उन्होंने अपनी स्वयं की मर्जी से बाबा के मंदिर को दर्शनों के लिए बंद कर दिया है धार्मिक मर्यादाओं को खंडित करते हुए उन्होंने यह निर्माण न जाने किसकी अनुमति से करवाया है यह बात समझ से परे बरहाल श्याम प्रेमी श्याम भक्त उनकी इस कार्य प्रणाली से क्षुब्ध है अब देखना यह है कि क्या कोरबा की तर्ज पर यह मामला भी न्यायालय में जाएगा या नहीं।

## बैगा ने किया नाबालिग के साथ दुष्कृत्य

### तबीयत खराब रहती थी, किशोरी की परिजन लेकर पहुंचे थे

**रायगढ़** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बैगा ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। तबियत खराब होने से वह पूजापाठ के लिए नाबालिग के घर पहुंचा था। घटना के बाद मामले की सूचना पर तमनार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक तमनार थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग की तबियत पिछले कुछ समय से खराब थी। ऐसे में उसके परिजनों ने गोढ़ी में रहने वाला त्रिभुवन अगरिया जो बैगा है, उससे संपर्क किया।

तब उसने बताया कि पूजापाठ करना पड़ेगा। ऐसे में रविवार की शाम करीब 7 बजे बैगा उनके घर पहुंचा और पूजापाठ करते हुए पत्ते के दो दोना में कुछ पूजा सामाग्री नाबालिग के हाथ में दिया और बोला इसे घर से करीब 100 मीटर दूर आमा बोरिया क्षेत्र में जाकर दोनों को अलग अलग दूरी पर रख देना। तब नाबालिग के परिजनों को वह घर में रूकने के लिए कहा और स्वयं नाबालिग के साथ व चला गया। इसके बाद घर से कुछ दूरी पर नाबालिग को अकेली पाकर उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। काफी देर तक नाबालिग के घर नहीं पहुंचने पर उसके परिजन घर से उसकी तालाश में निकले।

बैगा त्रिभुवन उन्हें देखकर वहां से भाग निकला। इसके बाद नाबालिग ने घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया। जहां कल परिजनों ने मामले की सूचना थाना दी। इस संबंध में तमनार थाना प्रभारी आर्शीवाद राहटगांवकर ने बताया कि घटना की सूचना पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी शुरू की गई। आरोपी भगाने की फिराक में था कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# सब्जियों की हरियाली से संवरा भविष्य

### कोरिया की ग्रामीण महिलाएं जैविक खेती से बन रहीं आत्मनिर्भर

### प्रशासनिक सहयोग से 3 एकड़ भूमि में रचा आत्मनिर्भरता का नया अध्याय



**कोरिया,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पहले हम सिर्फ घर तक सीमित थीं, अब खेत हमारी पहचान बन गया है। ग्राम केशगंवा की महिला किसान की यह बात आज सैकड़ो ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित कर रही है।

कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के इस छोटे से गांव की 20 महिलाएं आज जैविक खेती के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं।स्व-सहायता समूह की इन महिलाओं ने उद्यानिकी विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से 50-50 डिसमिल भूमि पर लौकी, करेला और एक-एक एकड़ में मिर्ची और टमाटर की जैविक खेती कर रहे हैं। बिना किसी रासायनिक खाद और कीटनाशक के उगाई गई ये फसलें न सिर्फ पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि स्वाद और पोषण में भी बेहतरीन हैं।

### कलेक्टर का मार्गदर्शन, मेहनत का फल

जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यह प्रयास शुरू हुआ। उन्होंने विगत दिनों स्वयं खेतों का निरीक्षण किया था और महिलाओं की सराहना करते हुए कहा, 'जैविक खेती महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है।'

कलेक्टर ने यह भी कहा कि प्रशासन ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आय के सशक्त अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### खेती नहीं, अब यह बदलाव की क्रांति है

स्व-सहायता समूह की महिलाएं न केवल जैविक फसल उगा रही हैं, बल्कि उन्हें थोक मंडियों और फुटकर विक्रेताओं को बेचकर नियमित आय अर्जित कर रही हैं। अभी तक 15-15 क्विंटल लौकी और करेला बेच चुके हैं, जिससे उन्हें 35 हजार रुपए की आमदनी हुई है। उद्यानिकी विभाग के अधिकारी श्री विनय त्रिपाठी ने बताया कि इन समूहों को 1690 हाईब्रिड पौधा दिया गया था, इसके अलावा फेंसिंग, मल्चिंग, ड्रिप सिस्टम, जैविक खाद, दवाई आदि उपलब्ध कराया गया था। उन्होंने कहा कि निश्चित ही इससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस पहल ने इनका आत्मविश्वास बढ़ाया है और घर की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया है। एक महिला किसान ने कहा, 'अब हम खुद को गर्व से किसान कहती हैं। हमारी मेहनत अब आमदनी में बदल रही है।

### परिवार, समाज और पर्यावरण- तीनों को संबल

यह पहल न केवल इन महिलाओं के लिए आजीविका का साधन बनी है, बल्कि उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति, सामाजिक पहचान और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शुद्धता, स्वाद और स्वास्थ्य का यह मेल अब गांव की हर किचन तक पहुँच रहा है।

# पंचायत सचिवों ने बेटी व पानी बचाने तथा हरियाली बढ़ाने पर गम्भीर पहल करने लिया संकल्प

### बेटियों के जन्म दिन पर कम से कम पाँच पौधे जरूर लगाएं-कलेक्टर





**कोरिया,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समस्त ग्राम पंचायत सचिवों की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण तथा आगामी शिविरों की प्रभावी तैयारी पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने समस्त सचिवों को निर्देशित किया कि जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जल संरक्षण अभियान आवा पानी झोंकी की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कोरिया जिले में भरपूर वर्षा के बावजूद भूमिगत जल स्तर में गिरावट चिंताजनक है। ऐसे में वर्षा जल को रोकने व संरक्षित करने के लिए ग्राम पंचायतों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सोनहत क्षेत्र में चल रहे दीवार लेखन एवं %पाँच प्रतिशत मॉडल% की सराहना की। इस अवसर पर %बेटी संग पाँच पौधे% लगाने की अभिनव पहल की भी घोषणा की गई। कलेक्टर ने कहा हम सबको संकल्प लेना बेटी बचाने, पानी बचाने, हरियाली बढ़ाने के लिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चियों के जन्म पर कम से कम पाँच पौधे लगाकर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाया जाए कि जैसे पौधे समय आने पर फल देते हैं, वैसे ही बालिकाओं के विवाह का भी उचित समय हो। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिव जन्म प्रमाण पत्र जारी करते समय इस परंपरा को आरंभ करें। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण हेतु 30 अप्रैल 2025 की अंतिम तिथि की जानकारी दी और सभी पंचायत सचिवों को सर्वे व दस्तावेज अद्यतन करने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत संचालन से जुड़ी समस्त तैयारियों, योजनाओं की स्थिति तथा जनप्रतिनिधियों के शिविर भ्रमण की पूर्व तैयारी पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## सुर्री में पाँच दिवसीय रामचरित्र मानस कथा सम्पन्न

### कलाकारों की प्रस्तुति से मुग्ध हुए श्रद्धालु

रायगढ़ 30 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम सुर्री में 22 से 26 अप्रेल तक पाँच दिवसीय संगीतमय रामचरितमानस कथा का आयोजन किया गया। जिसमें आस पास एवं दुर दराज के प्रतिष्ठित एवं ख्यातिलब्ध मानस गायक कथाकार एवं संगीत कलाकार विशेष रूप से आमंत्रित किये गए थे।

संगीतमय पंच दिवसीय रामचरित मानस कथा प्रवचन एवं गायन के प्रथम दिवस के रात्रि कालीन कार्यक्रम में व्याख्याता एवं प्रवक्ता भोजराम पटेल तथा डिंगरदास वैष्णव द्वारा अपनी भजन एवं प्रवचन की प्रस्तुति से श्रद्धालु कथा प्रेमियों को मुग्ध किया गया वहीं द्वितीय दिवस कोरबा से आये लक्ष्मी कंवर की गायिकी ने अपने गायन की छंटा बिखेरी, इसी दिन घनातराई से आये खगेश्वर गुरुजी के भावपूर्ण प्रवचन से लोग विशेष रूप से प्रभावित हुए। 24 अप्रेल को विन्ध्यवासिनी बालिका मानस परिवार जिला बालौद की मुख्य गायिका और प्रवचन कर्ता ने हारत और विनोदशैली से रात्रि 03 बजे तक श्रोताओं को बांधे रखा। 25 अप्रैल को पूजा मानस परिवार चिरको महासमुन्द नें अपनी सुरिली और मिठी आवाज से सबको बांधे रखा और सुर्पणखा प्रसंग सुनाकर देर रात तक समां बांधे रखा। पंचम दिवस 26 अप्रेल को आयोजन का मुख्य आकर्षण कांकेतरा जिला राजनांदगाँव से आये सगी छः बहनों





की प्रस्तुती रही जब एक ही प्रकार के गणवेश में सभी बहने मंच पर विराजित हुए तो सभी श्रोता समुदाय ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत और सम्मान किया। सभी . छः बहनों में से कोई गायन, प्रवचन, बांसुरी तो कोई शहनाई, तबला, ढोलक, पैड, या बेन्जो एवं आरगन के विधा में अपनी-अपनी कला प्रस्तुति के लिए दक्ष थे। इनकी सुमधुर प्रसति से रात्रि तृतीय पहर कब आ गया किसी को पता ही नहीं चला। ग्राम सुर्री में शुरू से ही रामचरितमानस कथा का आयोजन होता रहा है।

# कोरिया जिले को मिला 4 श्रेणियों में राज्य स्तरीय सम्मान

### प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य अधोसंरचना एवं सुविधा विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है-मंत्री जायसवाल



**कोरिया,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरिया जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (हृज्ञश्वक्क) और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (हृक्रूस्) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चार विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त किया है।

यह सम्मान राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया एवं आयुक्त-संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में बेहतर अधोसंरचना और सुविधा विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सभी डॉक्टरों और स्टॉफ से कहा कि मरीजों के बेहतर जांच, उपचार के लिए संकल्पबद्ध रहें। अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के साथ आत्मीय व्यवहार रखें।

बता दें कोरिया जिले को राज्य टीबी स्कोर में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान में सफलता, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में सक्रिय भागीदारी और सर्वश्रेष्ठ टीबी यूनिट का उत्कृष्ट संचालन कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (हृक्रूस्) के तहत भी जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग को प्रमाणपत्र व स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिले के स्वास्थ्य विभाग के पूरे टीम को बधाई देते हुए कहा कि %जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के बेहतर जांच, इलाज और दवाई वितरण का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा साफ-सफाई नियमित होते रहें और समय पर स्टॉफ की उपस्थिति भी सुनिश्चित रहे ताकि मरीजों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना न पड़े। डॉ. प्रशांत सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम उनके सतत निगरानी में प्रभावी रूप से संचालित हो रहे हैं। सम्मान समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, डीपीएम श्री अशरफ अंसारी सहित कोरिया जिले की स्वास्थ्य टीम को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

# बच्ची की खेलते समय गमछा फंसने से हुई मौत

### धरमजयगढ़ के बागडाही गांव की घटना

रायगढ़ 30 अप्रैल (देशबन्धु)। खेलते-खेलते गले में गमछा फंस जाने की घटना में एक 8 साल के बालिका की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए पुलिस मामले को जांच में ले लिया है। उक्त घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सागरपुर के आश्रित ग्राम बागडाही में मंगलवार की सुबह 10 बजे उस समय हृदयविदारक घटना सामने आई जब 08 साल की बालिका नंदली राठिया जो कि कक्षा तीसरी में पढ़ती थी वह अपनी दादी के साथ घर में थी और वह अकेले ही खेल रही थी। बताया जा रहा है कि खेलते समय कपड़ा रखने वाले बास में बंधे गमछे को बालिका झूला बनाकर खेल रही थी इस दौरान गले में गमछा फंस जाने की बालिका की अकाल मौत हो गई। इस मामले में बालिका के पिता चनेशराम राठिया ने बताया कि आज सुबह वह



किसी काम के सिलसिले में धरमजयगढ़ गया हुआ था और वहां से काम निपटाकर जब वह घर पहुंचा तो उसकी बेटी का शव लटका हुआ मिला। जिसके बाद उसने पूरे मामले की जानकारी थाने में दी। बहरहाल खेलते समय 8 साल की मासूम बच्ची की मौत हो जाने के बाद धरमजयगढ़ पुलिस मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## सार-संक्षेप

### प्रधान पाठक अरुण पटेल को दी गई विदाई



**डभरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासखंड डभरा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बगरैल के प्रधान पाठक अरुण कुमार पटेल का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अरुण कुमार पटेल स्वच्छ ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे वे हमेशा समय पर स्कूल आते और जाते थे इसी सादगी के चलते पूरे पंचायत सहित ग्रामीणों ने भावभीनी विदाई दिया ।अरुण कुमार पटेल का प्रथम नियुक्ति 18 नवंबर 1988 को प्राथमिक शाला छेवधरा विकासखंड पूरी उपरोड़ा में हुआ था वे वहां लगातार 5 साल तक रहे तत्पश्चात प्राथमिक शाला सुखरी कला विकासखंड करतला में 2 साल तक रहे ।इसके बाद प्राथमिक शाला पिकीमाल विकासखंड बरमकेला में लगातार 20 साल तक रहे इसके बाद शासकीय प्राथमिक शाला बगरैल में प्रधान पाठक के पद पर सेवानिवृत हुए ।इस विदाई समारोह के अवसर पर संकुल के शैक्षिक समन्वयक अर्जुन खूंटे विजय कुमार पटेल अनिल पटेल सुरेंद्र कुमार गुप्ता विनय कुमार पटेल बसंत पटेल अजय पटेल श्रीमती यामिनी पटेल मंजू पटेल उर्मिला बंजारा भारती पटेल ईश्वर लाल पटेल राजेश पटेल गणपति लाल पटेल सेवा निवृत्त प्रधान पाठक राजेश चौधरी श्रीमती आनंद चौधरी खरसिया जनप्रतिनिधियों में सरपंच प्रतिनिधि चिंतामण पटेल डॉ राजेंद्र चौधरी अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति कोटमी श्याम पटेल लोकेश पटेल इंद्र कुमार पटेल प्रधान पाठक जनपद प्राथमिक शाला खरकेना सुरेश चौधरी विजय पांडे ईश्वरी पटेल कृष्ण चंद्र चौधरी राम नवल चौधरी सहित पारिवारिक महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अक्ती तिहार पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन

#### कृषि नववर्ष का हुआ शुभारंभ



जांजगीर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि महाविद्यालय जांजगीर-चांपा के संयुक्त तत्वावधान में पारंपरिक कृषि पर्व अक्ती तिहार के अवसर पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि यंत्रों की विधिवत पूजा अर्चना से की गई। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय अग्रवाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अक्ती तिहार छत्तीसगढ़ का कृषि नववर्ष माना जाता है। इस दिन पुतरा-पुतरी विवाह के रूप में सांस्कृतिक परंपरा निभाई जाती है, जो धरती, प्रकृति और अच्छी फसल के प्रति आभार का प्रतीक है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केंद्र प्रमुख डॉ. राजीव दीक्षित ने पर्व के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि पूर्वजों के समय इस दिन बीजों का चयन कर खेतों में उनका छिड़काव कर अंकुरण की जांच की जाती थी, साथ ही कृषि यंत्रों का रख-रखाव कर पूजा की जाती थी, जिससे आगामी कृषि कार्यों की शुभ शुरुआत हो सके। तकनीकी सत्र में डॉ. मनीष कुमार ने 17 प्रतिशत नमक घोल द्वारा बीज उपचार, बीज चयन की विधि, किस्मों की जानकारी, जैविक एवं रासायनिक विधियों से उपचार, अकरस जुताई एवं ग्रीष्मकालीन जुताई के लाभों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. विरेश्वर सक्सेना, डॉ. सुजान सिंह पैकरा, डॉ. आशुलता ध्रुव, डॉ. आशीष प्रधान, डॉ. चंद्रवंशी, रोहित कुमार, देवांगन तथा रविशंकर साहू सहित क्षेत्र के लगभग 50 कृषकों ने सहभागिता निभाई। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. आशीष प्रधान द्वारा किया गया।

### मारपीट में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

#### मृतक के पिता ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

रायगढ़ 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में मारपीट में घायल एक ग्रामीण की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। वहीं मृतक के पिता ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। उक्त मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंगेकेला निवासी दयानंद चैहान (45 साल) 25 अप्रैल की शाम किसी काम के सिलेसिले में घर से निकला था और काफी समय तक घर नहीं लौटा था। इसी बीच रात करीब 10 बजे गांव का कोटवार और उसका बेटा दयानंद के घर पहुंचे और उसके परिजनों को बताया कि दयानंद बस्ती की एक गली में गिरा पड़ा हुआ है। कोटवार की सूचना के बाद परिजन जब मौके पर पहुंचे तो गंभीर हालत में दयानंद जमीन पर पड़ा हुआ था और उसके हाथ-पैर ठीक से काम नहीं कर रहे थे। परिजनों ने उसे तत्काल लैलूंगा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति में सुधार नहीं होता देख वहां के डॉक्टरों ने उसे 26 अप्रैल को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। इस दौरान बीती रात उपचार के दौरान दयानंद की मौत हो गई। मृतक के पिता कमल चैहान ने बताया कि गांव के कुछ लोगों के द्वारा उसके बेटे के साथ मारपीट की गई है। जिससे उसकी मौत हो गई है। उनका कहना है कि पुलिस इस मामले में जांच कार्रवाई करते हुए तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए उसके बेटे को इंसाफ दिलाए।

### बारिश से तापमान लुढका शाम को अंधड के साथ हुई तेज बारिश

रायगढ़ 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ था। जहां कभी धूप कभी छांव का सिलसिला लगातार जारी रहा। शाम के समय झमाझम बारिश जहां तेज आंधी तूफान के साथ बारिश की शुरुआत हुई।

मंगलवार की शाम हुई बारिश के कारण सड़क पर पानी भर गया वहीं तेज आंधी तूफान के चलते लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज आंधी तूफान के चलते विद्युत व्यवस्था ठप रही, जहां लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि पिछले दो दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव हो रहा है कभी 44 डिग्री तापमान इसके बाद फिर आंधी तूफान लगातार मौसम का मिजाज बदलने से लोगों के दिनचर्या में काफी असर पड़ रहा है। वहीं तापमान में लुढका है जिसके कारण लोगों ने राहत की सांस ली है।

# कोटाडबरी गांव में जमीन विवाद ने लिया खूनी मोड़

## एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल, गांव में तनाव




जांजगीर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। चांपा के कोटाडबरी गांव में बुधवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई जब वर्षों पुराने ज़मीन विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। पारिवारिक विवाद के चलते हुए इस हमले में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान शांति पटेल उर्फ गणेश (50) के रूप में हुई है, जो तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वहीं, गंभीर रूप से घायल भरत पटेल सबसे छोटा भाई है, जिसे तत्काल बीडीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना का मुख्य आरोपी भेष कुमार पटेल है, जो शांति और भरत के बीच वाले भाई का बेटा है। बताया जा रहा है कि परिवार के बीच 68 डिसमिल ज़मीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार को इसी विवाद को लेकर आपसी कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। गुस्से में भेष कुमार ने दोनों चाचाओं पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में शांति पटेल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि भरत पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, एसडीओपी यदुमणि सिदार और चांपा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। फिलहाल आरोपी भेष कुमार फरार है। चांपा पुलिस ने उसके विरुद्ध हत्या और हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### अक्षय तृतीया पर विप्र समाज ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**सारंगढ़,** 30 अप्रैल (देशबन्धु) ।आज अक्षय तृतीया पर क्षेत्र के विप्र समाज ने विप्र समाज के बुजुर्गों ब्रृज भूषण पाण्डेय सीपी तिवारी डीपी मिश्रा कौशल बेहार भुवन मिश्रा सुभाष नंदे जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय राजेश मिश्रा सहित कई विप्रजनों का सम्मान किया गया।

इस दौरान विप्र समाज के दिनेश शर्मा आशिष पाण्डेय गोपेश द्विवेदी इत्यादि सहित सैकड़ों विप्रजनों सहित अन्य समाज की भी उपस्थिति रही ।इसके बाद विप्र समाज द्वारा भगवान श्रीरा व परशुराम की जयकारा लगाते हुए विशाल रैली निकाली गई।

### अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा से 3 कि.मी. परिधि तक संपूर्ण क्षेत्र को पुन: किया गया संरक्षित क्षेत्र घोषित

जांजगीर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा जारी आदेशानुसार अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा (पावर प्लांट) जांजगीर-चांपा से 3 कि.मी. परिधि तक संपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश 8 अप्रैल 2026 तक 1 वर्ष के लिए प्रभावशील रहेगा।

उक्त संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। उक्त आदेश में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आवश्यकता अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

# अवैध पशु तस्करी का भंडाफोड़

## पामगढ़ पुलिस ने 42 मवेशियों को किया बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में अवैध पशु तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 42 नग मवेशियों की अवैध तस्करी करते हुए दो आरोपियों व दो विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में शिव कुमार चंदेल (37 वर्ष), दीपक यादव (21 वर्ष) और दो नाबालिग शामिल हैं। इनके पास से कुल 42 नग मवेशी (12 काले, 6 सफेद व 24 लाल खैरा बछड़े), तीन मोबाइल फोन सहित कुल 1,79,000 रुपये का सामान बरामद किया गया।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला (आईपीएस) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उमेश कश्यप के मार्गदर्शन में की गई। थाना पामगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग रस्सियों से बांधे मवेशियों को डंडों से मारते हुए पैदल ले जा रहे हैं। तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग्राम भैसो मेन रोड पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि यह मवेशी तस्करी रैकेट रमेश यादव एवं उसका पुत्र दीपक यादव चला रहे हैं। एक अन्य आरोपी शिवरात्रि ऊर्फ भट्ठे चंदेल मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों पर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रुरता निवारण अधिनियम की धारा 11(डी) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक मनोहर सिन्हा, सउनि सरोज पाटले, संतोष बंजारे, आरक्षक रज्जू रात्रे, श्याम सरोज ओग्रे, टिकेश्वर राठौर सहित पामगढ़ थाना स्टाफ की भूमिका रही।

# सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाला आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से प्राप्त शिकायत के आधार पर शिवरीनारायण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो प्रसारित करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल मोहम्मद इरफान, निवासी सिंगोरी, जिला पटना (बिहार), फेसबुक के माध्यम से अश्लील वीडियो अपलोड कर प्रसारित करता पाया गया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67(बी), भारतीय दंड संहिता की धारा 201 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 14(2) के तहत मामला दर्ज कर, उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में साइबर सेल एवं थाना शिवरीनारायण द्वारा की गई इस कार्रवाई को अति पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री का न तो साझा करें और न ही प्रसारित करें। साइबर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। इस कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा, प्रधान आरक्षक विजय निराला तथा आरक्षक प्रवीण साहू की भूमिका रही।

### जिला परिवहन कार्यालय में एचएसआरपी आवेदन हेतु लगाया गया काउंटर

जांजगीर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीयन वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत वाहन स्वामी स्वयं परिवहन विभाग की साईट में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि उक्त आदेशानुसार जिले के समस्त वाहन स्वामियों के लिए जिला परिवहन कार्यालय जांजगीर-चांपा के कक्ष क्र. 9 में वाहन स्वामी के सुविधा हेतु वाहनों में मोबाइल नंबर अपटेड करने तथा एचएसआरपी नंबर प्लेट ऑनलाइन बुक करने हेतु लगाया गया है। किसी भी वाहन स्वामी से मोबाइल नंबर अपटेड एवं एचएसआरपी नंबर बुक करने हेतु किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगा हुआ नहीं पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

# अविभाजित मध्यप्रदेश में दो बार मंत्री रहे राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह



जांजगीर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अविभाजित मध्यप्रदेश में दो बार मंत्री रहे राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह 83 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत काफी दिलचस्प रही। आपातकाल के बाद 1977 में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों में हार गई थी और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी अपनी सीट नहीं बचा पाई थी, तब ऐसे समय सुरेंद्र बहादुर सिंह सक्ती विधानसभा से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने।

भारत में छठी लोकसभा के सदस्यों का चुनाव करने के लिए 16 से 20 मार्च 1977 के बीच आम चुनाव हुए। चुनाव आपातकाल के दौरान हुए, जो अंतिम परिणाम घोषित होने से कुछ समय पहले 21 मार्च 1977 को समाप्त हो गया। चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आर) को भारी हार का सामना करना पड़ा। जिसमें मौजूदा प्रधानमंत्री और आईएनसी (आर) पार्टी की नेता इंदिरा गांधी रायबरेली में अपनी सीट हार गई थी। जबकि उनके बेटे संजय अमेठी में अपनी सीट हार गए थे।

इसी प्रकार अक्टूबर 1977 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में जनता पार्टी ने अधिकांश सीटें जीतीं और जनता पार्टी कैलाश चंद्र जोशी मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

ऐसे समय में भी सक्ति विधानसभा से उन्होंने जीत दर्ज की और विधायक के रूप में चुने गए।

### 1950 से परिवार का राजनीति में रहा दबदबा

परिवार की राजनीतिक करियर की बात करें तो पूरे भारत की राजनीति में किसी राज परिवार ने निरंतर 5 दशकों (50 वर्षों) तक अपना प्रतिनिधित्व रखा है। परिवार के सदस्य निरंतर सन 1952 से पांच दशकों तक सक्ती विधानसभा क्षेत्र में विधायक के रूप में सत्तासीन रहे । इस दौरान सक्ती रियासत के 1952 से राजा लीलाधर सिंह, राजमाता टंक राजेश्वरी सिंह, कुमार पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, इंदुमती के बाद राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह भी चार बार विधायक और दो बार मंत्री रहे। सक्ती विधानसभा क्षेत्र सामान्य सीट होने के बावजूद एक राजगोड़ आदिवासी परिवार से पांच दशकों तक विधानसभा का विधायक बने रहना राजनीतिक मायने में काफी अहम है।

### 18 साल की उम्र में संभाली थी सक्ती रियासत की सत्ता

18 साल की उम्र में संभाली थी सक्ती रियासत की सत्ता छह दशक पहले नगर के लोगों ने सक्ती रियासत के नए राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का राज्याभिषेक देखा था। तब राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह महज 18 साल के थे।

जिवेंद्र बहादुर सिंह का अल्पायु में ही निधन हो जाने के कारण 18 वर्ष की उम्र में 1960 में सुरेंद्र बहादुर सिंह राजा बनें और विरासत को अभी तक 83 वर्ष की आयु तक सम्हाल रहे थे। उनके छोटे भाई कुमार पुष्पेंद्र बहादुर सिंह का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया है।

### 1865 में 14 रियासतों का गठन हुआ था

ऐसे हुआ था सक्ती रियासत का गठन 1865 में 14 रियासतों का गठन हुआ था। उस समय सक्ती छोटी रियासत थी। उस समय बड़ी रियासत बस्तर थी। सक्ती रियासत के सबसे पहले राजा हरि गुजर हुए। इनके पुत्र रूपनारायण सिंह ने गद्दी 1914 में निधन होते तक सम्हाली। राजा रुपनारायण की एकमात्र बेटी थी। कोई बेटा नहीं था।

उनकी बेटी की शादी रायगढ़ के राजा नटवर सिंह के साथ हुई थी। ऐसे में छोटे भाई चित्रभान के बेटे लीलाधर सिंह को गोद लिया गया। 1914 में ही राजा लीलाधर राजा बन गए। 1960 में सुरेंद्र बहादुर सिंह राजा बनाए गए।

# गोबर से प्राकृतिक खेती की जाए तो जमीन विषाक्त से उपजाऊ होगा- विशेषर पटेल गोसेवा आयोग अध्यक्ष

सारंगढ़, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल के सारंगढ़ प्रवास के दौरान उनके मुख्य आतिथ्य में कलेक्टर कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष ने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और हर घर गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। गाय चलता फिरता रसायन है। ग्रहण के समय हमारे पूर्वज गर्भवती महिलाओं के पेट में लेप लगा देते थे जिससे ग्रहण का रेडिएशन गर्भ में पल रहे शिशु के ऊपर प्रभाव नहीं करता था जिसे विज्ञान ने भी सही माना है। इस प्रकार देखें तो गोबर में रेडिएशन को कम करने की ताकत है। रूस और अमेरिका जैसे देश में गोबर का टैंक बनाकर उसमें चिकित्सा उपचार किया जा रहा है जिससे बीपी शुगर आदि कम हुए हैं। गाय को कामधेनु कहा जाता है जिसके रोम रोम से निकलने वाले ऑक्सीजन वेरीफाई ऑक्सीजन है, कोरोना काल में जितने भी गौ सेवक और पशुपालक, जो गाय के संपर्क में रहे हैं उनको कोरोना की बीमारी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग के बिना गाय की समुचित सेवा और संरक्षण संभव नहीं है। गोबर में जितनी बैक्टीरिया है उतना विश्व में बैक्टीरिया है। इसी प्रकार गोबर से प्राकृतिक खेती की जाए तो जमीन विषाक्त से उपजाऊ हो जाएगा। नीम के पत्ते आदि को खाद बनाकर खेत में उपयोग किया जा सकता है जिससे विषाक्त कीट खेत से भाग जाएंगे। गाय में प्रकृति को संतुलन करने की शक्ति है।




बैठक में अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल द्वारा गौ माता के विभिन्न महत्व के बारे में बताया गया और आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए कहा गया। उन्होंने गायों के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी और स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भी जन-जन को जमीनी स्तर पर गाय के महत्व को समझाने और जागरूक करने कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए इसे रोकने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ सेवा के लिए जिले में बेहतर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे , पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय सहित पशु चिकित्सा विभाग, नगरीय निकाय, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, गौ शाला संचालनकर्ता, गौ सेवक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# किसान ने उप अभियंता से की मारपीट, मामला दर्ज

## नहर में पानी नहीं छोड़ने का लगाया आरोप

जांजगीर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मुलमुला थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरियरा गांव में अमोरा नहर में पानी नहीं छोड़ने को लेकर एक किसान ने उप अभियंता निखिल प्रभाकर स्वर्णकार से मारपीट कर दी। यह घटना 28 अप्रैल की रात करीब 11.15 बजे की बताई जा रही है। इस मामले में उप अभियंता ने मुलमुला थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

घटना के वक्त उप अभियंता निखिल अपने स्टाफ सदस्यों गेंदा प्रसाद पांडेय, जयराम पटेल और राहुल यादव के साथ बनाहिल शाखा नहर की पेट्रोलिंग ड्यूटी पर निकले थे। वे बाइक से नरियरा गांव के मेन रोड होते हुए गुप्ता गली पहुंचे, तभी नरियरा निवासी ईश्वर कर्ष वहां आ गए। ईश्वर ने अभियंता से किसानों को पानी न देने का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू किया, जो देखते ही देखते बढ़ गया। गुस्से में ईश्वर ने अभियंता से गाली-गलौच की और हाथापाई पर उतर आए। इस झगड़े में निखिल के बाएं गाल और पीठ पर चोट आई है। घटना के समय मौजूद स्टाफ के सदस्यों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। निखिल ने इस घटना की लिखित शिकायत मुलमुला थाने में दी है, जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।



## जापान में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय चीनी भाषा दिवस, सांस्कृतिक सेतु बनाने पर जोर

**बीजिंग।** 2025 का 'अंतर्राष्ट्रीय चीनी भाषा दिवस' समारोह जापान स्थित चीनी दूतावास में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 170 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जापानी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के प्रतिनिधि, चीनी भाषा के प्रेमी और चीन-जापान मैत्री समर्थक शामिल थे। कार्यक्रम में जापानी शिक्षकों और छात्रों ने चीनी भाषा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। यामानाशी गाकुइन विश्वविद्यालय के एक छात्र ने कहा कि भाषा सिर्फ संचार का जरिया नहीं, बल्कि लोगों के दिलों को जोड़ने वाला पुल भी है। उन्होंने बताया कि चीनी सीखने से न केवल एक नई भाषा मिली।

# देश विदेश

# रावलपिंडी में इलाज के लिए भटक रहे मरीज, सरकारी डॉक्टर्स की हड़ताल जारी

■ ओपीडी सेवाएं ठप हो जाने के चलते तीनों अस्पतालों में मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा



**रावलपिंडी,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। रावलपिंडी में तीन प्रमुख सरकारी अस्पतालों में चल रही डॉक्टर्स की हड़ताल से हजारों मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पंजाब सरकार की सार्वजनिक अस्पतालों को आउटसोर्स करने की योजना के विरोध में यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) पिछले सप्ताह से हड़ताल पर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने वाईडीए पंजाब के आह्वान पर तीन अस्पतालों में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाओं का बहिष्कार किया। इनमें होली फैमिली अस्पताल (एचएफएच), बेनजीर भुट्टो अस्पताल (बीबीएच) और रावलपिंडी टीचिंग अस्पताल (आरटीएच) राजा बाजार शामिल हैं। ओपीडी सेवाएं ठप हो जाने के चलते तीनों अस्पतालों में मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' ने सूत्रों के हवाले से बताया कि संभागीय प्रशासन के अधिकारियों ने अस्पतालों का दौरा किया। हालांकि कथित तौर पर ओपीडी में सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) को मनाने के लिए कुछ नहीं किया। रावलपिंडी टीचिंग अस्पताल के मरीजों ने हड़ताल की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार अपने दावों के बावजूद बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में नाकाम रही। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अक्सर हर महीने हड़ताल पर जाते हैं। बीबीएच के एक मरीज रियाज खान ने कहा कि ज्यादातर गरीब लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में आते हैं, लेकिन यहां कोई सुविधा नहीं है। 'डॉन' से बात करते हुए वाईडीए बीबीएच के अध्यक्ष आरिफ अजीज ने कहा कि रावलपिंडी के तीन प्रमुख शिक्षण अस्पतालों में वाईडीए की ओपीडी हड़ताल का नौवां दिन था, लेकिन न तो संभागीय प्रशासन और न ही अस्पताल प्रशासन ने उनसे संपर्क किया।

## सिंध छह नहर परियोजना का विरोध कर रहे वकीलों ने धरना किया समाप्त

**कराची।** पाकिस्तान ने खैरपुर में बाबरलोई बाईपास पर 12 दिनों के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग खोल दिया गया है, जिससे लंबे समय से फंसे ट्रकों को गुजरने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले सिंध में छह नहर परियोजना का विरोध कर रहे वकीलों ने सरकार के साथ सफल वार्ता के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया है। 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार बाईपास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कराची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आमिर नवाज वरैच और सिंध हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज अली मेटलो ने कहा कि संघीय सरकार से आश्वासन मिलने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया। ऑल सिंध लॉयर्स एक्शन कमेटी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों वकीलों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न शहरों में धरना दिया और प्रस्तावित परियोजना को रोकने की मांग की। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रस्तावित छह नहर परियोजना बड़े विवाद का विषय बन गई थी, क्योंकि आलोचकों ने तर्क दिया था कि इस परियोजना से प्रांत की पहले से ही दुर्लभ जल आपूर्ति और भी कम हो जाएगी।

## दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए 1 मई को इस्तीफा दे सकते हैं कार्यवाहक राष्ट्रपति

**सोल,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं और उसके अगले दिन राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा कर सकते हैं। सरकारी और राजनीतिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को महाभियोग की वजह से पद छोड़ना पड़ा था। अब तीन जून को नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा। उदारवादी डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ली जे-म्यांग को चुनौती देने के लिए हान रूढ़िवादियों के पसंदीदा बताए जा रहे हैं। सरकार और पूर्व सत्तारूढ़ गुट के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गुरुवार दोपहर को हान का इस्तीफा हो सकता है, क्योंकि सुबह के समय उनके सार्वजनिक कार्यक्रम निर्धारित हैं। राष्ट्रपति पद के लिए उनकी दावेदारी की औपचारिक घोषणा शुक्रवार को होने की उम्मीद है।



■ अब तीन जून को नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा

कथित तौर पर इस्तीफे की घोषणा के साथ राष्ट्र के नाम एक संदेश भी होगा, जिसमें वह राष्ट्रीय एकता हासिल करने, प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक खेमों के बीच चरम टकराव को रोकने के लिए अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। हान की उम्मीदवारी से निश्चित रूप से रूढ़िवादी पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) के साथ विलय की बातचीत शुरू हो जाएगी, जिसके राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन शनिवार को किया जाएगा। दोनों अंतिम दावेदार - पूर्व पीपीपी नेता हान डोंग-हून और पूर्व श्रम मंत्री किम मून-सू - ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के साथ उम्मीदवारी के विलय लिए खुलापन जाहिर किया है।

## सुडोकू 6899


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6899



बायें से दायें:-

१. शोभा-सौंदर्य में वृद्धि होना
३. बाधा, विघ्न
५. सेहतमंद, सर्वोत्तम
६. सभ्यता, शिष्टता
७. परशुराम के पिता
८. नागरिक, नगरवासी
१३. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१५. भलमनसाहत
१६. स्वाद लेने योग्य
१७. यतीम
१८. अपरिमित, असीमित
२०. शासन (उर्दू)
२२. प्राणी, पशु (उर्दू)
२३. अधिकता, प्रचुरता

ऊपर से नीचे:-

१. सजस, नीचे
२. पथिकों को लूटने वाला
३. अप्रसन्न व्यक्ति
४. बारात
५. कल्याण, मुक्ति
९. भीम, बलराम
१०. खुद का, स्वयं का बनाया हुआ
११. अच्छा, मंगल
१२. दोषी, कसूरवार (उर्दू)
१४. आंख की पुतली
१६. बड़ी बहन
१९. विक्षिप्त, दीवाना (उर्दू)
२०. सरोवर
२१. ईश्वर

### वर्ग पहेली-6898

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सि | फा | २ रि | श | | | ३ कि | स | ४ य | ल |
| या | | या | | ५ ह | म | ल | | ल | |
| ६ स | र | स | | ल | | ७ का | र्य | का | ल |
| त | | ८ त | ९ र | फ | दा | री | | र | |
| | १० वि | | स | | | | ११ खु | | १२ वि |
| १३ भ | ला | बु | रा | | १४ आ | | १५ द | रिं | दा |
| | य | | १६ ज | ह | म | त | | | र |
| १७ अं | त | र | | | द | | १८ से | १९ व | क |
| धे | | | २० द | र्श | नी | २१ य | | च | |
| २२ रा | ह | गी | र | | | २३ श | ब | न | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 1 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - विचारों में गतिशीलता से आज दुविधा का अनुभव होगा। जिससे किसी एक निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज का दिन आप के लिये नौकरी धंधे के क्षेत्र में स्पर्धा युक्त रहेगा और आप उसमें से बाहर आने की कोशिश करते रहेंगे।

वृषभ - आज आपका दुविधापूर्ण व्यवहार आप को मुश्किल में डाल सकता है। अपने जिद्दी स्वभाव को आज त्याग दें नहीं तो किसी के साथ चर्चा और विवाद में माहौल गर्म होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। मित्रों तथा सगे-संबंधियों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे।

कर्क - आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी। आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन की कमजोरी आपको लाभ से वंचित न कर दें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा। मित्र-मंडल, स्त्री वर्ग और बुजुर्गों से लाभ होगा।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आपकी योजनाओं को अमल में लाएं। व्यापार में लाभ होगा। बकाया पैसों की वसूली हो सकेगी। नौकरीपेशा वालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं। पिता से लाभ होगा।

तुला - आज आप नए काम के शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। आपके सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा। संतान की चिंता सताएगी।

वृश्चिक - आज का दिन बिना किसी प्रवृत्ति के सावधानीपूर्वक व्यतीत करना पड़ेगा। नए काम शुरू न करें। आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

धनु - आपका आज का दिन सुख- शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

मकर - आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति मिलेगी। आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। व्यापार के विकास के लिए दिन फलदायक साबित होगा। धन लाभ का योग है।

कुंभ - वैचारिक रूप से काफी चिंतित रहने के कारण कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना ही हितकर होगा। यात्रा-प्रवास में परेशानी हो सकती है। निर्धारित काम पूरा नहीं होने के कारण आपको काफी निराशा होगी। मन अशांत बनेगा।

मीन - आज ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ वाद- विवाद हो सकता है। किसी भी तरह के दस्तावेजी काम के प्रति सावधानी बरतें।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# भारत के आक्रामक तेवर से परेशान पाकिस्तान ने गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी उड़ानें की रद्द

■ विदेशी उड़ानों की भी कड़ी निगरानी शुरू की गई
■ पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंचा



**इस्लामाबाद,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी घरेलू उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा के बाद उत्तरी क्षेत्रों के लिए उड़ानें निलंबित करने का निर्णय लिया गया। एहतियात के तौर पर पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्रों के लिए अन्य सभी उड़ानें भी अस्थायी रूप से रोक दी गई। विदेशी उड़ानों की भी कड़ी निगरानी शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) को सभी आने वाले विदेशी विमानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। पाकिस्तान पहले ही भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर चुका है। इस संबंध में, एक नोटिस फॉर एयरमेन (एनओटीएएमएन) जारी किया गया, जिसमें भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तान के आसमान से शुरू में एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। सहित भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया। प्रतिबंध भारतीय सैन्य और वीआईपी विमानों की आवाजाही पर भी लागू हैं। आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, जैसे कई कदम उठाए। भारत के इन फैसलों के बाद पाकिस्तान ने शिमला समझौते को स्थगित करने और भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने जैसे कुछ फैसले लिए।

## यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में 4,700 से अधिक उत्तर कोरियाई सैनिक हताहत, 600 की मौत : सोल

कोरिया ने दो चरणों में रूस में कुल 15,000 सैनिक तैनात किए हैं



**सोल,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की तरफ से लड़ते हुए 4700 उत्तर कोरियाई सैनिक हताहत हुए। 600 सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। यह जानकारी सोल खूफिया एजेंसी ने बुधवार को सांसदों को दी।

पीपुल्स पावर पार्टी के प्रतिनिधि ली सियोंग-क्वेन और डेमोक्रेटिक पार्टी के किम ब्युंग-की के अनुसार, राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने नेशनल असेंबली की खुफिया समिति के लिए बंद कमरे में हुई ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, सांसदों ने एनआईएस के हवाले से कहा कि उत्तर कोरिया ने दो चरणों में रूस में कुल 15,000 सैनिक तैनात किए हैं। लड़ाई में अप्रैल से कमी आई है, क्योंकि मॉस्को ने कुर्स्क के अग्रिम क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्रों को वापस ले लिया। उन्होंने बताया कि जासूसी एजेंसी को अभी तक उत्तर कोरिया की तरफ से और सैन्य तैनाती के संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन इसकी संभावना से इनकार नहीं किया गया। सोमवार को उत्तर कोरिया ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि उसने यूक्रेन के खिलाफ रूसी अभियानों में मदद के तौर पर अपने सैनिक भेजे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने दावा किया कि उसके सैनिकों ने सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क में यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों पर दोबारा कब्जा करने में मॉस्को की मदद की। रूसी समाचार रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मदद के लिए सैनिकों की तैनाती के लिए उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन को धन्यवाद दिया और वचन दिया कि युद्ध के मैदानों पर बनी उनकी द्विपक्षीय मित्रता बढ़ती रहेगी।

## यूक्रेन विजय दिवस युद्ध विराम को करना चाहता है बाधित : रूस

**मॉस्को,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस ने कहा कि यूक्रेन विजय दिवस समारोह के दिन राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित युद्धविराम को बाधित करना चाहता है। कीव शासन के अपराधों के लिए रूसी विदेश मंत्रालय के विशेष दूत रोडियन मिरोशनिक के मुताबिक यूक्रेन संवाद को बाधित करना और तनाव को बढ़ाना चाहता है। मिरोशनिक ने दावा किया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की का शासन जानबूझकर रूस के सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिकों को निशाना बना रहा है।राजनयिक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि ताकतवर हथियारों का इस्तेमाल नतीजों की पुष्टि करता है। यह और कुछ नहीं बल्कि विजय दिवस समारोह की अवधि के लिए दुश्मनी को निलंबित करने के रूस के शांतिप्रिय प्रस्ताव के जवाब में खूनी शासन का हमला है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अगले महीने विजय दिवस समारोह के मद्देनजर यूक्रेन में 72 घंटे के युद्धविराम की घोषणा की। क्रेमलिन ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, रूसी संघ के राष्ट्रपति, सशस्त्र बलों के सुप्रीम कमांडर-इन-चीफ वी.वी. पुतिन के आदेश से विजय की 80वीं वर्षगांठ के दिनों के दौरान, [7-8 मई की मध्यरात्रि से 10-11 मई की मध्यरात्रि तक], रूसी पक्ष युद्धविराम की घोषणा करता है।

## सुडोकू 6899 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

## आज का इतिहास

1840- ब्रिटेन ने पहला आधिकारिक डाक टिकट जारी किया।
1886- अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल, मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत।
1897- स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
1908- प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
1913- बॉलीवुड अभिनेता बलराज साहनी का जन्म हुआ।
1914- कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।
1923- भारत में मई दिवस मनाने की शुरुआत।
1956- जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई।
1960- महाराष्ट्र और गुजरात अलग अलग राज्य बने।
1972- देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण।
2009- स्वीडन ने समलैंगिक विवाह को मंजूरी दी।
2011- अमेरिका पर 2001 के हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मारे जाने की पुष्टि।
2021- प्रख्यात सितार वादक देबू चौधरी का निधन हुआ।

जश्न | *मिशिगन रैली में जमकर थिरके राष्ट्रपति ट्रंप*

# दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने का मनाया जश्न

**वाशिंगटन, 30 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रपति के तौर पर 100 दिन पूरे करने का जश्न डोनाल्ड ट्रंप ने डांस करके मनाया। मिशिगन रैली में उन्होंने 100 दिन की उपलब्धियां गिनाईं और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की खामियों का जिक्र किया। इस रैली का नाम '100 डेज ऑफ ग्रेटनेस' रखा गया। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक वीडियो क्लिप में ट्रंप डांसिंग मूव्स करते और मौजूद समर्थकों को 'थैंक्यू' कहते देखे जा सकते हैं। इस दौरान ट्रंप ने समर्थकों के समूह को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हम आज रात अपने देश के इतिहास में किसी भी प्रशासन के सबसे सफल 100 दिनों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।**

■ ट्रंप ने अपने समर्थकों, खासकर ऑटो कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया



ट्रंप ने इस दौरान टैरिफ से लेकर अप्रवासन नीतियों का बखान किया। उन्होंने बाइडेन प्रशासन और डेमोक्रेट्स पर जमकर हमला बोला। मिशिगन रैली में ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती जो बाइडेन पर तंज कसा और दोहराया कि 2020 का राष्ट्रपति चुनाव उनसे चुराया गया था। ट्रंप ने रोजगार सृजन के मामले में भी अपनी पीठ थपथपाई। कहा, बहुत सारी ऑटो नौकरियां आ रही हैं। कंपनियां आ रही हैं...वे सभी मिशिगन वापस आना चाहती हैं और फिर से कारें बनाना चाहती हैं। आप जानते हैं क्यों? हमारी कर और शुल्क नीति के कारण, वे दुनिया भर से आ रहे हैं। ट्रंप ने अपने समर्थकों, खासकर ऑटो कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं ऑटो कर्मचारियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।


यह बहुत बढ़िया था। ये पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने अपनी उपलब्धियों का जश्न डांस करके दर्शाया हो। 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद भी वो थिरके थे। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन विक्ट्री रैली' में ट्रंप अपने सहयोगियों और परिवार के सदस्यों के साथ जश्न दिल से मनाया था। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन विजय रैली' नामक इस कार्यक्रम में ट्रंप के समर्थकों, परिवार के सदस्यों और प्रमुख हस्तियों की भागीदारी देखी गई। कैपिटल वन एरिना में आयोजित इस रैली ने उनके राष्ट्रपति पद पर वापसी का जोरदार जश्न मनाया था।

## दुनिया को जानें

### छह महीने बाद धरती पर लौटे चीन के शेनझोउ 19 अंतरिक्ष यान के यात्री

**बीजिंग,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन के तीन व्यक्तियों को लेकर गया शेनझोउ 19 अंतरिक्ष यान छह महीने अंतरिक्ष में रहने के बाद बुधवार को पृथ्वी पर वापस आ गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए ) ने देश के इनर मंगोलिया क्षेत्र में चालक दल के सुरक्षित उतरने के बाद मिशन को सफल घोषित किया। चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों के अनुसार शेनझोउ 19 अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष यात्री कै ज़ुझे, सोंग लिंगडोंग और वांग हाओज़े को लेकर मंगलवार (29 अप्रैल) को शाम 04 बजे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉक किया गया। सीएमएसए ने कहा कि तीनों अंतरिक्ष यात्री 183 दिनों तक कक्षा में रहे और तीन अतिरिक्त गतिविधियां कीं, अंतरिक्ष स्टेशन के अंतरिक्ष मलबे संरक्षण उपकरण की स्थापना पूरी की और कई कार्गो अतिरिक्त मिशन पूरे किए। साउथ चाइना पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार सीएमएसए के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिक्ष यात्रियों को एक दिन पहले ही वापस लौटना था, लेकिन तेज हवाओं के कारण मिशन की मूल साइट पर लैंडिंग में देरी हुई। एजेंसी ने कहा कि लैंडिंग को डोंगफेंग लैंडिंग साइट के पूर्वी हिस्से में ले जाया जाएगा, जहां मौसम संबंधी स्थितियां ठीक थीं।


निष्पक्ष एवं निर्भीक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
बिलासपुर संस्करण के
के
35 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दीनानाथ केशरवानी जी
जिलाध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी मुंगेली


निष्पक्ष एवं निर्भीक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
बिलासपुर संस्करण के
के
35 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री घनश्याम वर्मा जी
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली


निष्पक्ष एवं निर्भीक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
बिलासपुर संस्करण के
के
35 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रोहित शुक्ला जी
अध्यक्ष - नगरपालिका परिषद् मुंगेली


निष्पक्ष एवं निर्भीक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
बिलासपुर संस्करण के
के
35 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
आत्मा सिंह क्षत्रिय जी
पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी मुंगेली


निष्पक्ष एवं निर्भीक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
बिलासपुर संस्करण के
के
35 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
अभिलाष सिंह जी
देशबन्धु जिला प्रतिनिधि मुंगेली
मो. 8770671362

# देश

**उवाच** “ बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लेने, घरों को ध्वस्त करने और कश्मीर के अंदर कार्रवाई के बाद जम्मू-कश्मीर के बाहर आम नागरिकों, छात्रों और छोटे व्यापारियों पर हमला किया जा रहा है और उन्हें वापस लौटने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

**-मीरवाइज उमर फारूक, हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37`. | 27`. |
| मुंबई | 34`. | 27`. |
| कोलकाता | 27`. | 23`. |
| चेन्नई | 33`. | 3`` . |

# एकजुटता से पाकिस्तान को सबक सिखाने का यही सही वक्त : कांग्रेस

■ **पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के लिए एकजुटता का किय आह्वान**

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में एकता और एकजुटता का ज़बरदस्त माहौल है और यही सामूहिक रूप से पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही वक्त है ताकि पहलगाम जैसे अपराध करने की वह कभी सोच भी न सके। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश में यहां जारी बयान में कहा, यह एकता और एकजुटता का समय है। यह वह समय है जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है जिसे वह कभी न भूल पाए। पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के लिए एकजुटता का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी को इस बेहद संवेदनशील समय में जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ खड़े रहना चाहिए। देश इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमले के तुरंत बाद 22 अप्रैल की रात को ही कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। यह बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसमें शामिल



**हम सभी को इस बेहद संवेदनशील समय में जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ खड़े रहना चाहिए, देश इंतजार कर रहा है : जयराम रमेश**

नहीं हुए। फिर इस मामले में 24 अप्रैल को पारित कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने पहले की स्थिति का हवाला देते हुए भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि लेकिन 28 नवम्बर 2008 को, मुंबई में भीषण आतंकी हमलों के महज दो दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने क्या किया। एक दिखावटी कदम उठाते हुए, उस समय के गुजरात के मुख्यमंत्री मुंबई गए और वहां मीडिया को संबोधित कर राजनीतिक दिखावा किया। उसी दिन भाजपा ने अखबारों में एक बेहद आपत्तिजनक विज्ञापन भी जारी किया था। यह इतिहास है। आज जो लोग कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं, उन्हें 26/11 हमले के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस को याद करना चाहिए, जो उन्होंने मुंबई हमले के दो दिन बाद ओबरॉय होटल के सामने की थी।

ऐसा कभी नहीं हुआ था, जबकि इस मामले में खुद महाराष्ट्र सरकार ने मना किया था कि आप यहां मत आइए, यह सही समय नहीं है। सरकार के मना करने के बावजूद मोदी नहीं माने और वे वहां गए। इतना ही नहीं, भाजपा ने 28 नवंबर 2008 को मुंबई हमले को आधार बनाकर अखबार में विज्ञापन दिए कि भाजपा को वोट दें। पार्टी का कहना है, यही भाजपा का असली चेहरा है। कांग्रेस ने सरकार में रहते हुए हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और आज विपक्ष में रहते हुए भी हम संवेदनशील समय में, राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े हैं। हमने कभी राजनीति नहीं की। आज देश को एकजुटता की जरूरत है। हमने शुरुआत से ही इस संबंध में सरकार का समर्थन किया है और संसद के लिए विशेष सत्र की मांग भी की। फिर सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नहीं थे।

## आतंकियों को निशाना बनाकर पाक को करारा जवाब दे सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को इस समय भ्रमित होने की बजाय आतंकवादियों को निशाना बना कर पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया, भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए। सरकार का निशाना आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। देश के सामने यह संवेदनशील समय है। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूर हमला है, जिसका सूत्रधार पाकिस्तान है। पाकिस्तान को जवाब देना हमारा फर्ज बनता है। इस मामले में हमने सरकार को अपना समर्थन दिया और कहा कि आपके किसी भी एक्शन में हम आपके साथ हैं, लेकिन इसे ध्रुवीकरण का मुद्दा मत बनाइए।

## कश्मीर में पाक ने नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

**जम्मू,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार सुबह यहां कहा कि 29-30 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि कश्मीर संभाग के बारामुल्ला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा के पार और परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार उनकी (पाकिस्तानी) चौकियों से पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा, भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और माकूल जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू के रामगढ़ और परगवाल इलाकों में संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान ने सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर और जम्मू के अखनूर के परगवाल इलाके में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इन घटनाओं में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

■ **भारत ने दिया माकूल जवाब**

## एक तरफ युद्ध की आहट दूसरी ओर चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ पद से सेवानिवृत्त

■ जोगेंद्र सोलंकी

■ **सेवानिवृति के दिन जे पी मैथ्यू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी**

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। एक तरफ पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से युद्ध के आसार बन रहे हैं लेकिन इसी बीच लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू, लगभग चार दशकों की सेवा पूरी करने के बाद आज चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) पद से सेवानिवृत्त हो गए। हालांकि सरकार ने बुधवार को ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव करते हुए रॉ के पूर्व चीफ आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त करते हुए बोर्ड ने छह सदस्यों की नियुक्ति की है जिनमें तीन तीन बड़े सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं।

इधर सेवानिवृत्ति के दिन जे पी मैथ्यू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन में तीनों सेनाओं की तरफ से औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मैथ्यू अप्रैल 2023 से सीआईएससी के पद पर थे और इस दौरान उन्होंने तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता और तालमेल को बढ़ावा दिया। लेफ्टिनेंट जनरल मैथ्यू ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विश्वसनीय क्षमता हासिल करने की दिशा में रक्षा साइबर एजेंसी और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने सरकार के आत्मनिर्भर भारत विजन के अनुरूप, भारतीय रक्षा उद्योग और शिक्षा जगत के साथ सहयोग को भी प्रोत्साहित किया। डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, मिलिट्री इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नेशनल डिफेंस एकेडमी में बड़े सुधारों को आगे बढ़ाने और पाठ्यक्रम की समीक्षा करने से लेकर महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने तक उन्होंने सशस्त्र बलों में विविधता और समावेश को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पड़ोसी देशों के साथ रक्षा सहयोग बनाए रखने और क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए लेफ्टिनेंट जनरल मैथ्यू ने विभिन्न मंचों पर भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने सशस्त्र बलों की मानवीय सहायता और आपदा राहत क्षमताओं को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिसंबर 1985 में पंजाब रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त करने वाले जनरल ऑफिसर जेपी मैथ्यू, 9 जनवरी, 2022 को इसी रेजिमेंट के कर्नल बने। उनकी शानदार सेवाओं के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

## सार संक्षेप

### रूस की ‘विक्ट्री डे परेड’ में शामिल होंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस में आगामी नौ मई को होने वाले ‘विक्ट्री डे परेड’ समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से रूस को पहले ही बता दिया गया था कि इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह माना जा रहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर मोदी का रूस दौरा टाला गया है।

### देवेन भारती मुंबई के नए पुलिस आयुक्त नियुक्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी देवेन भारती को मुंबई का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया। वर्तमान पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। भारती ने मुंबई पुलिस के उस दल का नेतृत्व किया था, जिसने मुंबई आतंकी हमले की जांच की थी। वह मुंबई पुलिस के विशेष आयुक्त थे। भारती को अगस्त में महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। वह 228 में सेवानिवृत्त होंगे।

### सूरत में एमडी ड्रग के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर के सलाबतपुरा क्षेत्र में एमडी ड्रग के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सूचना के आधार पर क्रिष्ना मार्केट के गेट के निकट छापा मारा गया। वहां दीवार के पास खड़े एक व्यक्ति की तलाशी ली गयी। इस दौरान उसके पास से अवैध प्रतिबंधित 7.4 ग्राम एमडी ड्रग, मोबाइल फोन, 19 रुपए नकद तथा अन्य सामान जब्त करके उसे पकड़ लिया गया। जब्त एमडी ड्रग्स की कीमत 74` रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके इस सिलसिले में अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का निधन

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के प्रवक्ता नरेंद्र सिंह सलूजा का बुधवार को यहां निधन हो गया। उनका निधन हृदयाघात के कारण हुआ है। निवास पर वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। वे लगभग 57 वर्ष के थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार सलूजा सीहोर जिले में एक विवाह समारोह में थे। सीने में तकलीफ के चलते उन्होंने कुछ दवाइयां लीं और आज सुबह गृहनगर इंदौर रवाना हो गए।

## मणिपुर के राज्यपाल ने की स्थिति की समीक्षा

**इंफाल,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को राजभवन में एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह, जीओसी, 57 माउंटेन डिवीजन मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, एडीजीपी (इंटेलिजेंस) आशुतोष कुमार सिन्हा, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) लुफेंग कैलुन, संयुक्त निदेशक, एसआईबी, नवदीप सिंह ग्रेवाल, सीआरपीएफ और बीएसएफ के अधिकारी में शामिल हुए। इसके अलावा मुख्य सचिव पीके सिंह, आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार, जीओसी 3 कोर लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस पेंढारकर, आईजी एआर (दक्षिण) मेजर जनरल रावरूप सिंह और आईजीएआर (पूर्व) मेजर जनरल सुरेश कुमार भांभू भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल हुए। इस बीच, भूमि विवाद के बाद तामेंगलोंग जिला मुख्यालय में हिंसक झड़प हुई, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। संकट को नियंत्रित करने के लिए तामेंगलोंग के जिला मजिस्ट्रेट डॉ. एल अंगशिम डांगशावा ने कर्फ्यू लगा दिया है। जिला कलेक्टर ने एक आदेश में कहा कि पुराने तामेंगलोंग ग्रामीणों और दलांग गांव के बीच सीमा विवाद के संबंध में आयोग के गठन के संबंध में सिविल जज सीनियर डिवीजन, तामेंगलोंग के आदेश के बाद पुराने तामेंगलोंग के ग्रामीण 30 अप्रैल को तामेंगलोंग गांव की ओर से तामेंगलोंग मुख्यालय की ओर एक रैली का आयोजन कर रहे हैं।



# कुडुपु में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाना देशद्रोह का कृत्य : सिद्दारमैया

■ **घटना के सिलसिले में 15 लोगों को किया गया है गिरफ्तार**

**बेंगलुरु,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को मंगलुरु के पास कुडुपु में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने को ‘देशद्रोह का कृत्य’ करार दिया और कहा कि भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या की घटना के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी फिलहाल जांच चल रही है। सिद्दारमैया ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा कि जो कोई भी पाकिस्तान समर्थक नारे लगाता है, वह गलत है, यह देशद्रोह का कृत्य है। मामले की जांच चल रही है और इस घटना के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वह इस सप्ताह की शुरुआत में तटीय शहर को हिला देने वाली हिंसा के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। स्थानीय क्रिकेट मैच के बाद जश्न में नारे लगाने के आरोपों के बाद कथित तौर पर हुई इस लिंचिंग की घटना ने क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है और किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस सिलसिले में पुलिस ने कई मामले दर्ज किए हैं और जांच के तहत वीडियो फुटेज तथा सोशल मीडिया सामग्री की जांच कर रही है। पीड़ित की पहचान केरल के वायनाड जिले के पुलपल्ली गांव के निवासी अशरफ के रूप में हुई है। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना 27 अप्रैल को स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान कुडुपु में भत्रा कल्लुर्ती मंदिर के पास घटित हुई।



### कानून को अपने हाथ में लेना अस्वीकार्य : जी परमेश्वर

राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कानून को अपने हाथ में लेना अस्वीकार्य है, भले ही कोई भी आपत्तिजनक नारा क्यों न लगाया गया हो। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 103 (2) के तहत मामला दर्ज किया है, जो पांच या अधिक व्यक्तियों के समूह द्वारा की गई हत्याओं से संबंधित है। जांच जारी है तथा अधिकारी अतिरिक्त संदिग्धों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं।



## बंगाल के राज्यपाल ने लंबित तीन विधेयकों को दी मंजूरी

**कोलकाता,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने लंबे समय से लंबित तीन विधेयकों को मंजूरी दे दी है, जिन्हें राज्य विधानसभा ने 2022 और 2023 में पारित किया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को इन तीन विधेयकों - पश्चिम बंगाल भूमि सुधार और किरायेदारी न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022, पश्चिम बंगाल कराधान न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 और पश्चिम बंगाल नगर एवं ग्राम (योजना एवं विकास) (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दे दी। राजभवन में विशेष कार्य अधिकारी के अनुसार राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की भी सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राज्य के राज्यपालों को लंबित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए एक महीने का समय दिया है, जिन्हें देश भर में राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित किया गया था।

# झारखंड में बिजली की नई दरों का ऐलान

■ **शहरी क्षेत्र में प्रति यूनिट 20 पैसे और ग्रामीण क्षेत्र में 40 पैसे की वृद्धि**

**रांची,** 30 अप्रैल (एजेंसयां)। झारखंड में वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की नई दरों की घोषणा कर दी गई है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट बिजली के लिए 20 पैसे और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 40 पैसे ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नए टैरिफ की जानकारी दी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने आयोग के समक्ष बिजली दरों में 40.02 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव दिया था, जिस पर आयोग ने केवल 6.34 की वृद्धि की मंजूरी दी है। नई बिजली दरें तय करने से पहले राज्य के सभी पांच प्रमंडलों में आयोग की ओर से जनसुनवाई की गई थी। इस दौरान आम उपभोक्ताओं और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने



राज्य में बिजली की दरों में 40 फीसदी से अधिक वृद्धि के प्रस्ताव पर जबर्दस्त विरोध दर्ज कराया था। नई दरों के अनुसार, शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट बिजली के लिए 6.85 रुपए और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 6.70 रुपए के हिसाब से भुगतान करना पड़ेगा। नए टैरिफ में प्रावधान किया गया है कि उपभोक्ता यदि 5 दिनों के भीतर बिल भुगतान करते हैं तो उन्हें कुल बिल पर 2 प्रतिशत की छूट मिलेगी। आयोग ने जेबीवीएनएल को निर्देश दिया है कि जिस अवधि में उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति नहीं होगी, उस अवधि के लिए फिक्स्ड चार्ज की राशि नहीं ली जाए। इस राशि के समायोजन का लाभ बिलिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से उपभोक्ताओं को स्वत: मिलेगा। फिक्स्ड चार्ज की पूरी वसूली के लिए यह अनिवार्य होगा कि एचटी (हाईटेंशन) श्रेणी के उपभोक्ताओं को 23 घंटे और एलटी (लो टेंशन) श्रेणी के उपभोक्ताओं को 21 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर अपनाने वाले

### कृषि कार्यों के लिए नहीं की गई कोई वृद्धि

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद ने कहा कि कृषि कार्यों के लिए बिजली दर में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसके अलावा सभी तरह के उपभोक्ताओं को मीटर रेंट का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। 2 यूनिट तक बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को पहले की तरह कोई भी शुल्क नहीं अदा करना होगा।

## नीतीश ने बोधगया में राज्य अतिथि गृह का किया उद्घाटन

**गया,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बोधगया में 136 करोड़ की लागत से बने राज्य अतिथि गृह का उद्घाटन किया। कुमार बुधवार को गया हवाईअड्डा पहुंचे, जहां मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कुमार सड़क मार्ग से बोधगया पहुंचे, जहां उन्होंने 136 करोड़ की लागत से बने राज्य अतिथि गृह का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित भवन का जायजा भी लिया।



इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए कुमार ने कहा कि बहुत अच्छा भवन बनाया गया है। पहले जो लोग विदेश से आते थे, उनके ठहरने में दिक्कत होती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार के द्वारा यह राज्य अतिथि गृह बनाया गया है, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।

# अक्षय तृतीया पर मोहन चरण माझी बने ‘किसान’

**भुवनेश्वर,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा में बुधवार को अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के बारामुंडा स्थित ओयूएटी के इंस्ट्रक्शनल फार्म में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक दिवस में हिस्सा लिया। इस दिन को कृषि मौसम की शुरुआत के रूप में चिह्नित करते हुए किसानों ने पारंपरिक रस्म ‘अखी मुथी अनुकूला’ निभाई। मुख्यमंत्री ने खेत जोतकर प्रतीकात्मक रूप से बीज बोए, जो कृषि गतिविधियों की शुरुआत का प्रतीक है। उनके साथ उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और कृषि एवं किसान सशक्तिकरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अक्षय तृतीया जिसे अक्षी तृतीया भी कहा जाता है, वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर का यह पहला प्रमुख त्योहार सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और कृषि दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ओडिशा, एक कृषि प्रधान राज्य होने के नाते, इस दिन धान की औपचारिक बुवाई शुरू करता है। ‘अखी मुथी अनुकूला’ (अखी यानी अक्षय तृतीया, मुथी का अर्थ मुट्ठी भर धान और अनुकूला मतलब उद्घाटन या प्रारंभ) अनुष्ठान के साथ बुवाई की शुरुआत होती है, जिसके कारण इसे ‘अखी तृतीया’ भी कहते हैं। यह दिन नए कार्य शुरू करने और दान-पुण्य के लिए शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया का धार्मिक महत्व भी गहरा है। इस दिन पुरी में भगवान जगन्नाथ की चंदन यात्रा शुरू होती है, जो मंदिर के अनुष्ठान कैलेंडर का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



■ **बीज बोकर ‘अखी मुथी अनुकूला’ रस्म निभाई**

**चिंता** *पहलगाम हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बढ़ती चहचल से ग्रामीणों की चिंता बढ़ी*

# जंग की आहट के बीच जीवनयापन करने को समीमावासी मजबूर

**जम्मू,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के उपरांत पाक सेना द्वारा एलओसी के बाद अब इंटरनेशनल बार्डर पर भी मोर्चे खोलते हुए सीजफायर उल्लंघन का जो दायरा बढ़ाया है वह सीमावासियों में डर इसलिए पैदा कर रहा है क्योंकि यह उन्हें युद्ध की आहट लग रही है।

सीमा पर रहने वालों के लिए वैसे यह कोई पहला मौका नहीं होगा जब उन्हें जंग की आहट के बीच जीवनयापन करना पड़ रहा है। करगिल युद्ध के बाद संसद पर हुए हमले और पुलवामा हमले के उपरांत भी वे युद्ध की स्थिति में बर्बाद हो चुके हैं पर कोई आर-पार का फैसला नहीं हो पाया था। यही कारण था कि अखनूर क्षेत्र के परगवाल सेक्टर में ग्रामीणों ने बीती देर रात कई राउंड गोलीबारी की आवाज सुनी तो उन्हें दहशत में इसलिए आ जाना पड़ा क्योंकि इस तरह का संघर्ष विराम उल्लंघन 7-8 साल बाद हो रहा है। हालांकि सीमावासी कहते थे कि हमें इन सबकी आदत है, लेकिन अभी हम हाई अलर्ट पर हैं। इस तरह से कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बसा हाजीनार गांव पिछले हफ्ते तक अपनी दिनचर्या से गुलजार रहने वाला एक ऐसा ही गांव है।



■ **सीजफायर उल्लंघन का बढ़ा दायरा सीमावासियों में पैदा कर रहा डर**

लेकिन 1500 से अधिक आबादी वाला यह सुदूर गांव अब खामोश हो गया है और युद्ध के साये में जी रहा है। दरअसल 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद एलओसी पर गोलीबारी की पुनरावृत्ति ने फरवरी 2021 से भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम समझौते द्वारा लाई गई नाजुक शांति को बिगाड़ दिया है। गोलीबारी की इन घटनाओं से कई गांवों में भय और दहशत का माहौल पैदा हो गया है, जिससे लोग सहमे हुए हैं। जानकारी के लिए पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय टट्टू संचालक की हत्या कर दी थी, जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को कम कर दिया। इसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान को पानी देना बंद करना, अटारी-वाघा बार्डर को बंद करना और भारत में पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए कहना शामिल है।

इस बढ़े हुए तनाव ने हाजीनार गांव के जाफर हुसैन लोन जैसे लोगों को सबसे बुरी स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया है। गांव के लोगों का कहना था कि गांव में सामुदायिक तथा निजी बंकरों का पुनर्निर्माण कर दिया है तथा लोगों की बाहर आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। पूर्व सरपंच लोन कहते थे कि हम पिछले चार सालों से शांति से रह रहे थे। बंकर बंद थे और धूल जमा हो गई थी। लोग गोले या गोलीबारी के डर के बिना स्वतंत्र रूप से घूम रहे थे, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद हमारे गांव में डर फिर से लौट आया है।

पिछले कुछ दिनों में, एलओसी के इस गांव में चार सामुदायिक भूमिगत बंकरों का पुनर्निर्माण किया गया है, जिनका निर्माण पिछले दशक में केंद्र सरकार द्वारा किया गया था।































प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771